संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 92 रविवार 02 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### ध्वस्त की जा चुकी दरगाह पर नहीं मनेगा उर्स



#### सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की मांग को खारिज किया

**गांधीनगर,01 फरवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गिर में सोमनाथ मंदिर के नजदीक ध्वस्त की जा चुकी दरगाह और खाली कराई गई जमीन पर उर्स मनाने की इजाजत देने से इंकार कर दिया है। शीर्ष न्यायालय से भी याचिकाकर्ता को झटका लगा है।


### विधायक पर हुआ हमला

#### लगाया गया भाजपा पर आरोप

**नई दिल्ली,01 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तीव्र राजनीतिक संघर्ष जारी है। आप ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि भाजपा के गुंडों ने रिठाला से आप विधायक महेंद्र गोयल पर जानलेवा हमला किया। इस हमले के बाद महेंद्र गोयल बेहोश हो गए और उन्हें उपचार के लिए रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि कुछ लोग आम आदमी पार्टी का पटका पहनकर आए थे और उन्होंने यह हमला किया।




### राष्ट्रीय पक्षी मोर को पीट-पीटकर मार डाला



**भदोही,01 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक व्यक्ति ने डंडे से पीट-पीटकर एक मोर को मार डाला। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। फिलहाल अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है. पुलिस उसकी तलाश कर रही है. घटना पूरे मनोहर गांव की शनिवार की बताई जा रही है। एक एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने शनिवार को बताया कि यहां पूरे मनोहर गांव में एक व्यक्ति ने एक मोर को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला।

### आग चपेट में आने से 96 साल के पिता और 86 साल की मां की गई जान

**अलपुझा,01 फरवरी 2025(ए)।** केरल के अलाप्पुझा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां आज शनिवार तड़के एक घर में आग लग गई, इससे एक बुजुर्ग दंपति की झुलसकर मौत हो गई। इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना में पुलिस ने दंपति के बेटे को हिरासत में लिया है, जिस पर घर में आग लगाने का शक जताया जा रहा है।



### आईपीएस अफसर के पति पर एफआईआर,निकला नटवरलाल




**मुंबई,01 फरवरी 2025(ए)।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस अधिकारी के पति पुरुषोत्तम चव्हाण के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चव्हाण डीसीपी रश्मि करंदीकर के पति हैं और उन्हें पहले भी आयकर रिफंड धोखाधड़ी में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था।

# वित्तमंत्री ने किया 2025-26 का बजट पेश

- » 12 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री
- » चुनाव वाली दिल्ली में 40 लाख करदाता
- » 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार



**नई दिल्ली,01 फरवरी 2025(ए)।** सीतारमण ने शनिवार को ₹50.65 लाख करोड़ का बजट पेश किया। बजट में नौकरीपेशा के लिए 12.75 लाख और बाकी करदाताओं के लिए 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। ऐसा कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधा और दिल्ली को भी जहां 4 दिन बाद 5 फरवरी को वोटिंग है।

दिल्ली की आबादी 3 करोड़ 38 लाख है। इनमें से 40 लाख लोग टैक्स भरते हैं। दिल्ली में 1.55 करोड़ कुल वोटर हैं। पिछले साल अक्टूबर में केजरीवाल ने कहा था कि दिल्लीवाले 1.78 लाख करोड़ इनकम टैक्स देते हैं। नए स्लैब से यहां की 67 प्रतिशत मिडिल क्लास आबादी प्रभावित होगी। सीतारमण ने 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार का जिक्र कर राज्य के लिए मखाना बोर्ड बनाने समेत कई घोषणाएं कीं। राज्य में साल के आखिर में चुनाव होने हैं। वे बजट भाषण के लिए राज्य की प्रसिद्ध मधुबनी साड़ी पहनकर पहुंची थीं।

बजट में सीतारमण ने इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल और एलईडी सस्ते होने का

.रास्ता खोला। कैंसर और कुछ जरूरी दवाओं के दाम भी कम होने का ऐलान किया।

### नौकरीपेशा को 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना ₹12.75 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। अन्य किसी भी जरिए से आमदनी होने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल ₹12 लाख रहेगी।

### बुजुर्गों के लिए: टैक्स में डबल छूट

बुजुर्गों को एफडी पर मिलने वाले 50 हजार ब्याज पर टीडीएस नहीं लगाया जाता था। अब इसे बढ़ाकर एक लाख कर दिया गया है। यानी किसी डिपॉजिट से उन्हें अगर एक लाख ब्याज मिल रहा है, तो उन्हें टीडीएस नहीं देना होगा। 10 करोड़ से ज्यादा बुजुर्गों को फायदा होगा।

नेशनल सेविंग स्कीम खाते से 29 अगस्त 2024 के बाद निकाली गई रकम को टैक्स के दायरे से बाहर कर दिया जाएगा।

### महिलाओं के लिए...2 करोड़ तक का टर्म लोन

5 लाख एससी-एसटी महिलाएं, जो पहली बार आंत्रप्रेन्योर बनी हैं, उन्हें अगले 5 साल में 2 करोड़ तक का टर्म लोन दिया जाएगा।

आंगनवाड़ी योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा।

महिलाओं के लिए मिशन शक्ति योजना को 3 हजार 150 करोड़ का बजट दिया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाई, नारी अदालत, महिला हेल्पलाइन, महिला पुलिस वॉलंटियर योजनाओं को इसमें से 629 करोड़ रुपए मिलेंगे।

स्वधार गृह, मातृ वंदन, वर्किंग वुमंस हॉस्टल और नेशनल क्रेच जैसी स्कीम्स को 2 हजार 521 करोड़ का बजट दिया गया है। निर्भया फंड के तहत चल रही योजनाओं के लिए 30 करोड़ का बजट है।

नॉर्थ-ईस्ट में महिला-बाल विकास के लिए 2 हजार 615 करोड़ की योजनाएं, राज्य सरकारों को 22 हजार 195 करोड़ की मदद और केंद्र शासित प्रदेशों में महिला और बाल विकास के प्रोग्राम चलाने के लिए 897 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

### युवाओं और रोजगार के लिए: मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ेंगी

स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।

500 करोड़ रुपए से 3 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।

मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी। एक साल में 10 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी।

देश में 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी। पटना आईआईटी के हॉस्टल का विस्तार किया जाएगा।

पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।

रोजगार के लिए सरकार ने अलग से कोई घोषणा नहीं की। हालांकि सीतारमण ने कई योजनाओं का ऐलान करते हुए यह जरूर कहा कि इनसे रोजगार का सृजन होगा।

### जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे...

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया है। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल ईयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे।

### किसानों के लिए: पीएम धन-धान्य योजना, 1.7 करोड़ लोगों को फायदा

कम उत्पादकता वाले 100 जिलों में पीएम धन-धान्य कृषि योजना लागू की जाएगी। इसके तहत प्रोडक्शन बढ़ाया जाएगा। पंचायत लेवल पर स्टोरेज की व्यवस्था की जाएगी। 1.7 करोड़ किसानों को फायदा होगा।

किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।

डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा।

दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन होगा। इसके तहत नेफेड और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां किसानों से अगले 4 साल तक दाल की खरीद करेंगी।

कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन, मार्केटिंग पर फोकस रहेगा। असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### शिक्षा के लिए: सभी माध्यमिक विद्यालयों में इंटरनेट

देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा। 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा।

सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।

स्किल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के 5 सेंटर बनाए जाएंगे।

### स्वास्थ्य के लिए: 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनेंगे

सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दी हैं। कैंसर जैसी भयावह बीमारी से जूझ रहे लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए अगले 3 सालों में सभी जिला अस्पतालों में 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनाएगी।

### . ऑनलाइन डिलिवरी,कैब चलाने वालों को आईकार्ड, पीएमजेएवाई का फायदा

1 करोड़ GIG वर्कर्स यानी फूड डिलीवरी करने वाले, कैब चलाने वाले और ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले वर्कर्स को आईकार्ड दिए जाएंगे। इनका ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इन्हें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा भी मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक इन जीआईजी वर्कर्स की संख्या 23 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

### देश को खिलौना हब बनाया जाएगा, अभी 64 प्रतिशत आयात चीन से

देश को खिलौनों के लिए बड़ा केंद्र बनाने के लिए नेशनल एक्शन प्लान बनाया जाएगा। हम क्लस्टर्स का डेवलपमेंट करेंगे। स्किल और मैन्युफैक्चरिंग के लिए इको सिस्टम बनाया जाएगा। इससे हाईक्वालिटी, अनोखे, इनोवेटिव और लंबा चलने वाले खिलौने बनेंगे।

इन उत्पादों की वैश्विक मांग में समग्र गिरावट के कारण भारत का खिलौना निर्यात 2021-22 में 177 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 2023-24 में 152 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

पिछले एक दशक में भारत खिलौनों के लिए चीन पर निर्भर होता जा रहा है। फिलहाल देश औसतन 76 प्रतिशत खिलौना आयात करता है।

### जनजातियों के लिए डीएजेजीयूए का बजट चार गुना, 30 राज्यों में असर

जनजातियों के कल्याण के लिए बजट 14 हजार 925 करोड़ कर दिया गया है। पिछले साल यह 10 हजार 237 करोड़ के करीब था। यानी इस साल इसमें 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। एकलव्य बोर्डिंग स्कूलों के लिए 7 हजार करोड़ से ज्यादा बजट दिया गया है। जनजातीय विकास मिशन के लिए 380 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में 335 करोड़ से ज्यादा का बजट है।

धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का बजट 500 करोड़ से चार गुना बढ़ाकर 2 हजार करोड़ कर दिया गया है। इससे 63 हजार 843 गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं का इजाफा होगा। 30 राज्यों के 549 जिलों में 5 करोड़ जनजातीय लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

### बिहार के लिए 5 ऐलान, इनका 72 सीटों पर असर

बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना, आईआईटी पटना का विस्तार, 3 एयरपोर्ट, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना का ऐलान किया है।

बिहार में युवा आबादी करीब 50 प्रतिशत है। राज्य में एकमात्र आईआईटी पटना में है। यहां अभी 2883 सीटें हैं, यह बढ़कर 5000 के आसपास हो जाएंगी। बिहार के 10 जिलों में मखाना की खेती होती है। इससे 25 हजार से ज्यादा किसान जुड़े हैं। मखाने को लेकर कोई तय नीति न होने के चलते मुनाफा बंट जाता है। किसानों के बजाय कारोबारियों की जेब में पैसा जाता है। अब बोर्ड के गठन के बाद 100 रुपए के प्रॉफिट में 90 रुपए बिहार को मिलेगा।

ऐसा कहा जा रहा है कि मखाना बोर्ड के गठन और पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के ऐलान से मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्रों की 72 सीटों पर असर पड़ सकता है। राज्य में 243 विधानसभा सीटें हैं।

## केंद्रीय बजट पर राहुल गांधी का करारा तंज



**कहा 'गोली के घाव पर पट्टी बांध रही सरकार...**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट पर विपक्ष नेता राहुल गांधी ने आज पेश हुए बजट पर तंज कसते हुए कहा, गोली के घावों के लिए एक बैंड-सहायता! वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है। लेकिन, यह सरकार विचारों की दिवालिया है।

## बजट पेश के दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहनी मधुबनी साड़ी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मधुबनी कला और पद्म पुरस्कार विजेता दुलारी देवी के कौशल को श्रद्धांजलि देने के लिए मिथिला कला की साड़ी पहनी हैं. दुलारी देवी 2021 की पद्म श्री पुरस्कार विजेता हैं।

जब वित्त मंत्री मिथिला कला संस्थान में क्रेडिट आउटरीच गतिविधि के लिए मधुबनी गईं, तो उनकी मुलाकात दुलारी देवी से हुई और बिहार में मधुबनी कला पर उनके साथ विचारों का सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान हुआ था।

## बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने वित्त मंत्री को खिलाई दही-चीनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में आज पेश किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवां आम बजट आज पेश की। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने वित्त मंत्री को दही-चीनी भी खिलाई। लोकसभा के पटल पर बजट पेश करने से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान वित्त मंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू से बजट पेश करने के लिए मंजूरी मांगी। राष्ट्रपति ने बजट को अपनी मंजूरी देते हुए वित्त मंत्री को दही-चीनी खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स अकाउंट पर कुछ फोटो भी शेयर की। उन्होंने लिखा, केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केंद्रीय बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। बजट पेश करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भारत में किसी भी शुभ काम से पहले दही-चीनी खिलाने की परंपरा है। माना जाता है कि दही-चीनी खाने से काम में सफलता प्राप्त होती है।



## बजट पर अरविंद केजरीवाल का बड़ा बयान,कहा- देश के खजाने का एक बड़ा हिस्सा चंद अमीर अरबपतियों के कर्जे माफ करने में

केंद्र की मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा आम बजट पेश कर दिया है। जिसमें कई बड़े ऐलान किए गए है। सबसे अहम मिडिल क्लास को लेकर घोषणा की गई है। 12 लाख तक कोई भी टैक्स नहीं लगेगा। वहीं इस पर दिल्ली के पूर्व सीएम व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जो मांगे की थी वह पूरी नहीं की गई। मैंने मांग की थी कि अरबपति के कर्ज माफ नहीं किए जाएं, लेकिन मुझे दुख है कि ये नहीं किया गया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- देश के खजाने का एक बड़ा हिस्सा चंद अमीर अरबपतियों के क़र्ज़े माफ़ करने में चला जाता है।



## नशे के अंधकार से सनातन के प्रकाश तक, बहुत प्रेरक रहा है स्वामी अनंता गिरी का सफर

**जालंधर,01 फरवरी 2025(ए)।** पंजाब के जालंधर की रहने वाली स्वामी अनंता गिरी ने अपने जीवन में गहरे दुख और संघर्षों का सामना करने के बाद आध्यात्मिकता की राह पकड़ी। उनके पति ड्रग्स की लत के शिकार थे, जिससे उनकी सोचने-समझने की क्षमता खत्म हो गई थी। इस घटना ने स्वामी अनंता गिरी के जीवन की दिशा बदल दी और वे आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर हो गईं। गुरु श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी चरणाश्रित गिरि जी महाराज से दीक्षा लेकर उन्होंने श्री विद्या साधना शुरू की, जिसमें हजारों मंत्र और उनके गहरे रहस्य छिपे हुए हैं। इस मार्ग पर चलने से पहले उन्होंने करोड़ों की परफ्यूम इंडस्ट्री छोड़ दी। इसके बाद 10,000 से अधिक युवकों को नशे से दूर कर सनातन की राह दिखाई।



स्वामी अनंता गिरी ने नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। उन्होंने 10,000 से अधिक युवाओं को नशे से दूर कर उन्हें सनातन धर्म की ओर मोड़ा। उनके मार्गदर्शन में 200 से ज्यादा युवा न केवल भारत में, बल्कि कनाडा और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से स्वामी अनंता गिरी इस बार महाकुंभ में स्वर योग के माध्यम से बच्चों को जागरूक कर रही हैं।



## महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के ड्राइवर के कारण भड़क उठे यात्री

**मिर्जापुर,01 फरवरी 2025(ए)।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर उमड़ी करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा लगातार स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में प्रयागराज से गोरखपुर जा रही महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के ड्राइवर ने अत्यधिक थकान और स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए मिर्जापुर के निगतपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोक दी और आगे चलाने से इनकार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, ट्रेन चालक पिछले 18 घंटे से लगातार ड्यूटी पर था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। चालक ने अधिकारियों को सूचना दी कि वह अब ट्रेन चलाने में सक्षम नहीं है। इस पर रेलवे अधिकारियों ने दूसरे चालक की व्यवस्था करने का प्रयास किया, लेकिन इसमें समय लगने के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया जैसे ही ट्रेन लंबे समय तक स्टेशन पर खड़ी रही, यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। यात्रियों ने स्टेशन परिसर में प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द ट्रेन को रवाना करने की मांग की। स्थिति बिगड़ती देख रेलवे अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी. पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया।

## संपादकीय

## चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं

दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं हो रही हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़ लगी हुई है। रेवड़ी बांटने की राजनीतिक प्रवृत्ति का विरोध करने वाली भाजपा भी इस दौड़ में शामिल हो गई है।वह अपने पहले संकल्प पत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, सभी बुजुगरे को सस्ता इलाज, गैस सिलेंडर पर सब्सिडी समेत अन्य लुभावनी घोषणाएं कर चुकी है। भाजपा ने अपना दूसरा संकल्प पत्र जारी किया है। इसमें ऑटो-टैक्सी चालकों, घरेलू कामगारों और युवाओं के लिए विशेष तौर पर मदद करने की घोषणाएं की गई हैं।पार्टी ने यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए 15 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर वजीफा योजना के अंतर्गत 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पहले ही महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये देने का वादा कर चुकी है।बुजुर्गों के लिए संजीवनी स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मुफ्त इलाज और ऑटो चालकों के लिए 10 लाख तक का बीमा किया जाएगा। आप 200 यूनिट बिजली मुफ्त पहले से ही दे रही है। कांग्रेस ने भी प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्लीवासियों का वह 25 लाख तक मुफ्त इलाज और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। भारत की राजनीति में मुफ्त की चीजें बांटने की प्रवृत्ति नई नहीं है।लेकिन पिछले कुछ वर्षो से इसका चलन बढ़ता गया है और अब यह प्रवृत्ति स्थायी तौर पर स्थापित हो गई है। राजनीतिक दल सार्वजनिक कल्याण करने की अपेक्षा व्यक्तिगत लाभ देने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। राज्य द्वारा किए जाने वाले सामाजिक-आर्थिक कार्य में अवरोध पैदा होंगे। सड़कें, बांध, अस्पताल आदि सार्वजनिक कल्याण के कार्य के लिए धन कहां से आएगा।इस विषय पर कोई राजनीतिक दल गंभीरता से विचार नहीं कर रहा है। अगर मुफ्त की रेवड़ी बांटने की प्रवृत्ति चुनावी मॉडल में तब्दील हो गई तो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए धक्का होगी और आर्थिक व्यवस्था भी बेपटरी हो जाएगी जैसाकि पड़ोसी देश श्रीलंका में हुआ। समय रहते इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा।

02 फरवरी बसन्त पंचमी पर विशेष

# प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व बसन्त पंचमी



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान

बसंत पंचमी, प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर प्रकृति का खिलना और नई फसल आना भी देखा जाता है। बसंत पंचमी एक बहुआयामी त्योहार है जो वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और समृद्ध परंपराओं, कृषि महत्व और आध्यात्मिक प्रथाओं से भरा हुआ है। यह एक ऐसा दिन है जब प्रकृति की जीवंतता, देवी सरस्वती की भक्ति और कृषि समुदाय का जीवन उत्सव की एक खूबसूरत तस्वीर में एक दूसरे से जुड़ जाता है।

वसंत शब्द का अर्थ है बसंत और पंचमी का पांचवें दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवे दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसन्त उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है।

भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है। बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस



पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वो पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मा सरस्वती कि वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

**या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता।**
**या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना॥**
**या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।**
**सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥**

माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं।

प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे। ऐसा विचार करते हुए ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल लेकर धरती पर छिडका। जल छिडकने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ब्रह्मा जी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्मा जी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी सरस्वती के नाम से जाना जाएगा।

कडकड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते ही बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। देश के कई स्थानो पर पवित्र नदियों के तट और तीर्थ स्थानों पर बसंत मेला भी लगता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में तो बसंत पंचमी के दिन से ही लोग समूह में एकत्रित होकर रात में चंग ढफ बजाकर धमाल गाकर होली के पर्व का शुभारम्भ करते है।

बसन्त पंचमी के दिन विद्यालयों में भी देवी सरस्वती की आराधना की जाती है। भारत के पूर्वी प्रांतों में घरों में भी विद्या की देवी सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की जाती है और वसन्त पंचमी के दिन उनकी पूजा की जाती है। उसके बाद अगले दिन मूर्ति को नदी, तालाब में विसर्जित कर दिया जाता है। देवी सरस्वती को ज्ञान, कला, बुद्धि, गायन-वादन की अधिष्ठात्री माना जाता है। इसलिए इस दिन विद्यार्थी, लेखक और कलाकार देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। विद्यार्थी अपनी किताबें, लेखक अपनी कलम और कलाकार अपने संगीत उपकरणो और बाकी चीजें मां सरस्वती के सामने रखकर पूजा करते हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## बसंत पंचमी:संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित पर्व



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी 'बसंत पंचमी' के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है, जो इस वर्ष 2 फरवरी को मनाई जा रही है। इस वर्ष पंचांग के अनुसार, पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर आरंभ होगी और 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी, इसलिए बसंत पंचमी का पर्व इस साल 2 फरवरी को मनाया जा रहा है। 2 फरवरी को बसंत पंचमी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 1 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा। सरस्वती पूजा का मुहूर्त प्रातः 7 बजकर 8 मिनट से प्रारंभ होगा और दोपहर 12 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। बसंत पंचमी मध्याह्न का क्षण दोपहर 12:34 बजे होगा। इस वर्ष बसंत पंचमी पर भद्रा का साया रहने वाला है। भद्रा सुबह 7 बजकर 8 मिनट पर आरंभ होगी और सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगी। ज्योतिष शास्त्र में भद्रा को शुभ व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं माना गया है। माना जाता है कि बसंत पंचमी का दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरुआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुई थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां



सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा। प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में 'वसंतोत्सव', 'मदनोत्सव', 'कामोत्सव' अथवा 'कामदेव पर्व' के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम की भावना का संचार कर उन्हें चेतना प्रदान की थी, ताकि वे सौन्दर्य और प्रेम की भावनाओं को गहराई से समझ सकें। इस दिन रति पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि कामदेव ने बसंत ऋतु में ही पुष्प बाण चलाकर समाधिस्थ भगवान शिव का तप भंग करने का अपराध किया था, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से कामदेव को भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना और विलाप से द्रवित होकर भगवान शिव ने रति को आशीर्वाद दिया कि उसे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में अपना पति पुनः प्राप्त होगा। 'बसंत पंचमी' को गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से बसंत पंचमी के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व माना गया है। बसंत पंचमी को 'श्री पंचमी' भी कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन का स्वास्थ्य वर्षभर के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अतः इस पर्व को स्वास्थ्यवर्धक एवं पापनाशक भी माना गया है।

# यूं ही किसी को बसंत का इंतजार नहीं होता



**लक्ष्मीनारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)



प्रकृति ने धरा पर चार ऋतुओं का सृजन किया है। प्रत्येक ऋतुओं का एक अपना विशिष्ट आनंद और महत्व होता है। मौसम परिवर्तन के साथ साथ ऋतुओं का भी परिवर्तन होता है। प्रकृति ने समयानुसार ऋतुओं का रचना किया है,और जैसा मौसम वैसा ही ऋतुओं का स्वभाव होता है जैसे गर्मी सर्दी का मौसम है तो ग्रीष्म ऋतु और शरद ऋतु।

प्रकृति द्वारा सृजित चार ऋतुओं में एक बसंत ऋतु भी है,जिसका इंतजार हर कोई को रहता है। बसंत शब्द में ब का शाब्दिक अर्थ बहार रौनक या आनंद प्रदान करने वाला,मन में जोश भरने वाला होता है,और संत का अभिप्राय निस्वार्थ भाव से सबको शांत, संतोष,ज्ञान प्रदान करने वाला, अधंकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला,हर समस्या का समाधान कर्ता, समृद्धि का मार्ग प्रदाता और आत्मा को परमात्मा से साक्षात्कार कराने वाला,सत्य अहिंसा और परोपकार का प्रणेता, पालन संहार और सृष्टिकर्ता, मानव को मानव से जोड़ने वाला तथा सनातन संस्कृति का संरक्षक होता है।

बसंत ऋतु का इंतजार आदमी को यूं ही नहीं रहता, बसंत अपने में आप में कई संदेशों को समाहित किए हुए रहता है।बसंत मानव समाज और पूरे जैव समुदाय को एक निस्वार्थ सम भाव का विशेष संदेश देता है। बसंत ऋतु एक ऐसा ऋतु है जहां प्रकृति की गोद में गर्मी और सर्दी का आनंद हर व्यक्ति के लिए एक समान होता है। सर्दी एक पतले चादर और से गर्मी एक छोटा सा हिंडोला से समाप्त हो जाता है,अर्थात यह संसाधन एक गरीब और अमीर आदमी के पास सहज रूप से उपलब्ध रहता है। इन्हीं कारणों से बसंत को ऋतुओं का राजा भी कहा जाता है।


इस ऋतु में खेत में लगे सरसों की पौधों पर पीत सुमन खिला रहता है और धरा हमें लगता है, मानों पीली चादर से ढकी हो और वसुंधरा का यह स्वरूप सबको मनमोहक लगता है।युवक युवती को नवदाम्पत्य में बांधने का कार्य करता है। रसराज पर कहीं बौर खिलते रहता है तो कहीं छोटा फल लगते रहता है। महुआ पर खिला पुष्प सबको मदमस्त कर देता है। पतझड़ का दौर शुरू होता है तथा पतझड़ के बाद पौधें को एक नया स्वरूप प्रदान करता है। रंग पर्व के लिए मानव को पालाश का प्राकृतिक लाल रंग प्रदान करता है।कोयल अरण्य और बागों पर कूक - कूक की मधुर तान छोड़ता है और बसंत नववर्ष को धरा पर आमंत्रण देता है।

मां सरस्वती धरा पर अवतरित हुए जनमानस में तब से ज्ञान ज्योति प्रकाश पुंज का प्रज्वलन हुए। मां सरस्वती ने किसी भी क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को ज्ञान प्रदान करने मे कोई कमी नहीं की जिसने भी आर्त भाव से माता को मांगा सब कुछ मां ने दिया। मां सरस्वती का ज्ञान प्रदाय हम मानव समाज के लिए समानता का अभिप्राय है।

यह ऋतु अपने साथ आंनद, उमंग और जोश लेकर धरा पर आता है। और हर मानव के लिए समानता का द्योतक बन चला जाता है।

## कविता
## अजाब...बेहिसाब

घटती-घटना



**जयंती खूंटे**
चिल्हाटी,बिलासपुर
छत्तीसगढ़

बाज़ के शिकंजे में चिड़िया, तड़प
कर,दम तोड़ गई ये कहकर.... मानों
सिसक-सिसक कर आत्मा
कह रही हो ...
बे दाग़......
बे दाग थी मैं किस बात की
मिली अज़ाब मुझे,
हैवानियत कि सारी हदें लांघ गए
दर्द मिला बेहिसाब मुझे।
बद सीरत के लोग पाक की बात करते हैं,
इताब किस बात का था
कुछ समझ नहीं आया मुझे।
क्या बेटी होना गुनाह है
खलिश हो रही है मुझे,
गलत बातों का विरोध करना
पड़ गया भारी मझे।
दया नहीं थी किसी की आंखों में,
बड़े बेदर्दी से यूं पत्थर से
कुचला गया मुझे।
ऐसा खौफनाक मंज़र देख....
मन में गुस्सा आंखों में दर्द के आंसू.....
मर गई थी हैवानों की
इंसानियत उस वक्त,
जब जफ़ा कर नोचा गया मुझे।
ख्वार कर मेरी अब-ए- दुनियां,
गुस्ताख़-ए-पामाल करते हुए
क्रूरता भरे अल्फाजों से,
गालियां देते रहे मुझे....
बेहिसाब चोट देते रहे मुझे।
सवाल है मेरा....
क्यों हैवानियत की भेंट
चढ़ जाती है बेटियां..
सज़ा- ए- मौत में 5 साल
10 साल क्यों लगाते हो साहब..
बीच चौराहे पर
खड़े कर दाग़ दो गोलियां...
देखने वालों की रोंगटे खड़े हो जाए..
फिर कर ना सके कोई ऐसी गुस्ताखियां।
ऐसी गुस्ताखियां....
ऐसी गुस्ताखियां....

# महामारी में राज्य सरकारों की स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर क्यों ?



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

भारत को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि अनेक स्वास्थ्य क्षेत्रों का तेजी से वैश्वीकरण हो रहा है तथा समकालीन प्रौद्योगिकियों का प्रभाव बढ़ रहा है, जो स्वास्थ्य रणनीतियों को बदल रहे हैं। एक ऐसा संगठन जो संघीय सरकार तथा राज्यों के बीच समन्वय में सुधार करने में सक्षम हो। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रकोपों का सरकारी प्रबंधन अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे से बाधित है। अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएँ, चिकित्सा कर्मियों की कमी और पुराने नैदानिक उपकरण अप्रत्याशित रोग प्रकोपों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉक्टर-से-छात्र अनुपात 1: 1000 की अनुशंसा करता है, लेकिन भारत में वर्तमान में यह अनुपात 1: 900 है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर और अस्पताल के बिस्तरों की भारी कमी का अनुभव किया, जिसके परिणामस्वरूप उपचार में देरी हुई और मौतों में वृद्धि हुई। जब अपर्याप्त रोग निगरानी प्रणालियों द्वारा प्रकोपों की तुरंत पहचान नहीं की जाती है, तो वे तेजी से फैलते हैं और सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने से पहले अधिक मामले पैदा करते हैं।सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रबंधन में राज्य और स्थानीय सरकारों का महत्त्व हाल ही में पुणे में हुए गुइलेन-बैरे सिंड्रोम प्रकोप से स्पष्ट होता है।गुइलेन-बैरे सिंड्रोम में प्रतिरक्षा प्रणाली परिधीय तंत्रिका तंत्र को लक्षित करती है, यह एक दुर्लभ स्वप्रतिरक्षी बीमारी है जिसके परिणामस्वरूप कमज़ोरी



और पक्षाघात होता है। जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान प्रदर्शित किया गया, स्थानीय सरकारों को 73वें और 74 वें संविधान संशोधन अधिनियमों के माध्यम से स्वास्थ्य और स्वच्छता की देखरेख करने का अधिकार दिया गया, जिससे वे प्रकोप प्रतिक्रिया में महत्त्वपूर्ण भागीदार बन गए। स्थानीय और राज्य सरकारों की स्वच्छ जल और स्वच्छता सुनिश्चित करके सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रकोपों को नियंत्रित करने में भूमिका होती है। चूँकि ये अक्सर कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी जैसे जीवाणु संक्रमणों की उत्पत्ति होते हैं, इसलिए स्थानीय सरकारें स्वच्छ जल आपूर्ति और पर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी होती हैं। उचित जल उपचार और सुरक्षा सावधानियों की आवश्यकता इस संभावना से उजागर होती है कि पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का प्रकोप मुख्य रूप से जल संदूषण के कारण हुआ था।

असामान्य बीमारियों के मामलों का तुरंत पता लगाने और उन्हें ट्रैक करने और त्वरित प्रतिक्रियाएँ सक्षम करने के लिए स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रभावी निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। प्रारंभिक हस्तक्षेप को सक्षम करने के लिए, पुणे की त्वरित प्रतिक्रिया टीमें पहले से ही पानी के नमूने एकत्र कर रही हैं और गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के प्रसार को ट्रैक करने के लिए स्थिति पर नज़र रख रही हैं। स्वास्थ्य सम्बंधी खतरों और सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जनता की शिक्षा, विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के सम्बंध में, स्थानीय सरकार द्वारा बहुत सहायता की जाती है। स्थानीय स्वास्थ्य विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम प्रकोप के दौरान जनता को सुरक्षित भोजन और पानी की प्रथाओं के बारे में पता हो ताकि अतिरिक्त संक्रमणों को रोका जा सके। प्रकोपों के दौरान सूचना, संसाधनों और अनुभव का आदान-प्रदान करने के लिए, राज्य सरकारों को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसी संघीय स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ काम करना चाहिए। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के रोगियों को प्लाज्मा एक्सचेंज और इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी प्रदान करना, जो लक्षणों के दो सप्ताह के भीतर सबसे प्रभावी है, पुणे में स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता है। स्थानीय अधिकारियों को अनुपालन के लिए भोजनालयों पर नज़र रखने की आवश्यकता है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

CMYK

# बजट को भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने बताया निराशाजनक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश किया। इसमें मध्यम वर्ग को न कोई नई राहत दी गई और न ही कोई बोझ डाला गया। बजट पर जिले के जनप्रतिनिधियों व नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने बजट को सामाजिक न्याय, सर्वसमावेशी विकास और आधारभूत संरचनाओं के लिहाज से दूरदर्शितापूर्ण और विकास के लिए क्रांतिकारी बताया है। भाजपा जिला इकाई ने विकास की अवधारणा और जनकल्याण पर आधारित बजट प्रस्तुत करने हेतु केंद्र सरकार को बधाई दी है।वहीं कांग्रेस ने आम बजट को जनविरोधी व निराशाजनक बताया है।



बजट से स्पष्ट हो गया कि मोदी सरकार आर्थिक मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है। आज तक के अपने सबसे छोटे बजट भाषण में सरकार ऐसे कोई उपाय नहीं ला पाई जो आम जनता के परचेजिंग पावर को बढ़ाने में मदद करेगा। आयकर की छूट दिखावटी है। बजट में महंगाई को नियंत्रित करने वाले उपाय नदारद हैं। ये आम नहीं खास जनता का बजट है।

**आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष**

समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य को गढने वाला दस्तावेज है। स्वतंत्र



भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है।

**भारत सिंह सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष**



मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियां बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

**राजेश अग्रवाल, विधायक,अंबिकापुर**



देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। एमएसएमई को लोन की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपए करने का निर्णय, स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देने एवं अब मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का अभियान भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा।

**अखिलेश सोनी,भाजपा नेता**

आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा। आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 5 लाख तक के लोन व युवाओं को राजगार देने का प्रावधान किया गया है।

**मधुसूदन शुक्ला,भाजपा नेता**



विकसित भारत की सिद्धि के दृष्टि से यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। किसान महिला युवा बेरोजगारों के लिए इस बजट में बहुत सारे प्रावधान हैं। इसके साथ ही देश के छोटे-बड़े व्यापारियों को भी टैक्स में काफी राहत दी गई है अब 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा इसी प्रकार किसान केडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है।

**अंबिकोश केशरी,भाजपा नेता**



बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी सहित वंचितों के उत्थान के लिए जो प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से वह भारत को विकसित बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। कृषि स्वास्थ्य अधोसंरचना उद्योग बुजुर्ग नागरिक जल जीवन मिशन अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति हवाई सेवा पर्यटन सहित जीवन के हर क्षेत्र का ख्याल रखने वाले बजट है।

**विनोद हर्ष,भाजपा नेता**



बजट में ऐसी कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई है जो स्वास्थ्य, शिक्षा और शहरीकरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो। इस बजट और इस सरकार के भरोसे 2047 तक देश के विकसित राष्ट्र बनने की कोई संभावना नहीं है।

**डॉ अजय तिर्की,महापौर**



बजट में बेरोजगारी दूर करने को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है, जबकि देश में यह एक बड़ी समस्या बन चुकी है। बजट यह भी बतलाता है कि किसानों की आमदनी दुगनी करने के उसके वायदे खोखले थे। बजट में फिर से किसानों को सब्जबाग दिखलाया गया है। एम एस पी बढ़ाने को लेकर बजट में कोई ठोस नीति नहीं है।

**शफी अहमद,पूर्व अध्यक्ष,श्रम कल्याण बोर्ड**

वर्तमान बजट मध्यम वर्ग के लिए एक प्रकार से किसी तोहफे से कम नहीं है, आयकर कि सीमा में जो बदलाव किए गए हैं उस से मध्यम वर्ग को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। भारत विकास कि ओर अग्रसर हो रहा है यह बजट आम आदमी के लिए इस बात का सूचक है। पिछले 4 वर्षों कि आयकर विवरणी अब हम जमा कर सकेंगे। 12 लाख तक कोई आयकर नहीं देना होगा जो कि वेतन पाने वाले व्यक्तियों को काफी राहत देगा।

**पुष्प राज सिंघल,चार्टर्ड अकाउंटेंट**



बजट में युवाओं व गरीबों की आर्थिक उन्नति के लिए कोई उपाए नहीं किया गया है। दलितों, आदिवासियों, वंचितों के उत्थान की उत्थान के लिए कोई प्रयास बजट में नहीं है। किसानों की आए न बढने पाए इसकी कोशिश जरूरत की गई है। भाजपा फिर वही किया जिसके लिए वह जानी जाति है।

**टीएस सिंहदेव पूर्व उपमुख्यमंत्री**



बजट में भारत के मध्यम और गरीब वर्ग को इन डायरेक्ट टैक्स में कोई भी राहत नहीं मिला, महंगाई-बेरोजगारी के बारे में राहत की कोई बात नहीं है। ना एमएसपी में गारंटी- ना ही प्रचलित फसलों को लेकर कोई बड़ी घोषणा हुई। कृषि प्रधान देश में लगातार 11 वर्षों से किसानों को नजर् अंदाज किया जा रहा है।

**राकेश गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष**





## ईव्हीएम प्रदर्शनी के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक...

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर के निर्देशानुसार दिनांक 01 फरवरी को अम्बिकापुर,अम्बिकापुर नगरीय निकाय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 07 से 12 एवं तहसील कार्यालय में ईव्हीएम (इेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के दौरान नगरीय मतदाताओं को बताया जा रहा है कि इस बार पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करेंगे, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। जिसके बाद फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करें वोटिंग प्रक्रिया की पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, जिससे आपका मतदान सम्पन्न हुआ। इसके साथ मतदाताओं को ईव्हीएम से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी देकर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



ईव्हीएम प्रदर्शनी के जरिए मतदाता वोट डालने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं और इसके बारे में प्रशिक्षित अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। जिला निर्वाचन की ओर से मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक बनाने और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से अलग-अलग वार्डों में ईव्हीएम प्रदर्शनी लगाया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में मतदान के प्रति रुचि भी बढ़ रही है और लोग उत्सुकता से ईव्हीएम प्रदर्शनी डमें भाग ले रहे हैं।

### तिथि वार इन वार्डों में लगेगी ईव्हीएम प्रदर्शनी

दिनांक 03 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 से 18, दिनांक 04 फरवरी को वार्ड क्रमांक 19 से 24, दिनांक 05 फरवरी को वार्ड क्रमांक 25 से 30 दिनांक 06 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 से 36, दिनांक 07 फरवरी को वार्ड क्रमांक 37 से 42 तथा दिनांक 08 फरवरी को वार्ड क्रमांक 43 से 48 में ईवीएम प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसके लिए विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स एवं अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## महिला की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में पत्थर से हमला कर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 18 दिन बाद गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल आरोपी ने अपनी भाभी को 3 माह से पत्नी बनाकर रखा था। 12 जनवरी की रात को छेरता में चावल नहीं लाने के विवाद पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद फरार हो गया था। आरोपी के छोटे भाई की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी की खोजबीन में जुटी थी। इसी बीच पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लखनपुर थाना क्षेत्र निवासी देवचंद्र दास की शादी मानकुंवर से हुई थी। 3 महीने पूर्व देवचंद्र के सौतेले छोटे भाई कुन्नी चौकी के गाम तेंदुघाट निवासी विष्णु दास के साथ भाग गई थी। फिर दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे। विष्णु दास व मानकुंवर के बीच शराब के नशे में अक्सर विवाद होता रहता था, इस पर विष्णु उसके साथ मारपीट भी करता था। 12 जनवरी की रात दोनों शराब के नशे में थे। इसी बीच छेरता त्यौहार में चावल नहीं लाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस पर मानकुंवर घर से बाहर जाने लगी। यह देख विष्णु दास ने उसका पीछा किया और पत्थर फेंक कर सिर पर प्रहार कर दिया। गंभीर चोट लगने से वह गिरकर बेहोश हो गई। इसके बाद उसे उठाकर घर लाया। सिर से काफी मात्रा में खून बह जाने से उसकी मौत हो गई थी। यह देख विष्णु दास फरार हो गया था। 13 जनवरी की सुबह विष्णु दास का छोटा भाई सिया दास झाड़ू लेने पहुंचा तो देखा कि मानकुंवर खून से लथपथ मृत पड़ी थी। इसकी सूचना उसने कुन्नी चौकी में दी थी। उसने बताया था कि उसके बड़े भाई विष्णु ने ही हत्या की होगी। पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपी की खोजबीन में जुटी थी। इसी बीच पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने पत्थर से प्रहार कर पत्नी की हत्या की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी कुन्नी सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक बलभद्र सिंह, आरक्षक राजेंद्र लकड़ा, गोविन्द टोप्पो, राजकुमार व मान सिंह शामिल रहे।

## सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचला .. मौत




- संवाददाता -
सीतापुर, 01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम बेलकोटा में आज शनिवार को प्रातः करीब साढ़े 11 बजे श्रीराम पेट्रोल पंप से मोटरसाइकिल में पेट्रोल डला सड़क पर पहुंचे युवक को अंबिकापुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक कुचलते हुए निकल गई। जिससे घटना स्थल पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस द्वारा परिजनों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान दीपक यादव पिता अमृत यादव 25 वर्ष के रूप में की। घटना के बाद ट्रक समेत भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि मृतक के शव को जब्त कर पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। इधर सड़क हादसे में जवान बेटे की मौत हो जाने से परिवार में दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि मृतक आनलाइन शॉपिंग कंपनी में होम डिलीवरी का काम करता था और आज ड्यूटी पर जाने बाइक में पेट्रोल डला जैसे ही सड़क पर पहुंचा हादसे का शिकार हो गया। घटना से गांव में शोक है।

## जिला पंचायत सदस्य हेतु 12 नामांकन पत्र किए गए क्रय, 27 प्रत्याशियों ने किया नामांकन पत्र दाखिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

आम निर्वाचन 2025 जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया 27 जनवरी से जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जिला पंचायत सदस्य हेतु 12 नामांकन पत्र क्रय किए गए। वहीं 27 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बता दें नामांकन प्रक्रिया 3 फरवरी 2025 को अपराह्ण 3 बजे जनसूचना अधिकारी कक्ष में पूरी होगी, जबकि नामांकन की संवीक्षा इसी कक्ष में 4 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। अभ्यर्थी 6 फरवरी को अपराह्ण 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी, द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी तथा तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को होगा। मतगणना मतदान के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर की जाएगी। प्रथम चरण का परिणाम 20 फरवरी, द्वितीय चरण का परिणाम 23 फरवरी, तृतीय चरण का परिणाम 25 फरवरी को जिला मुख्यालय में ही घोषित किया जाएगा।



## 4 महिला सहित 15 जुआरी गिरफ्तार, 36 हजार रुपए भी जब्त





- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने 15 जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुरुषों के साथ 4 महिलाएं भी हार-जीत का दांव लगा रही थीं। पुलिस ने जुए के फड़ से 36 हजार रुपए नकद व ताश की पत्ती जब्त की है। गिरफ्तार जुआरियों में ग्राम सकालो निवासी सुरज तालुकदास पिता ओम प्रकाश 24 वर्ष, आकाश मण्डल पिता मुकुल मण्डल 22 वर्ष, सतीपारा निवासी सुखसाय पिता स्व. रूप साय 47 वर्ष, ग्राम सरगवां निवासी विक्रम वैध पिता नेपाल वैध 26 वष, प्रकाश सिंह पिता स्व. प्रभुनारायण सिंह 34 वर्ष, सतीपारा निवासी कृष्णा नामदेव पिता मधीन 65 वर्ष, भातूपारा निवासी आनंद दास पिता स्व.पुन्तुदास 50 वर्ष, सतीपारा निवासी विकास सिंह पिता प्रताप सिंह 26 वर्ष, मनीष नामदेव पिता रामशंकर नामदेव 47 वर्ष, गोपाल नामेदव पिता त्रिपुरारी नामदेव 31 वर्ष, गौरव सिन्हा पिता स्व. मणिभुषण सिन्हा 38 वर्ष शामिल हैं। महिला जुआरियों में शहर के ब्रह्मपारा निवासी दीपा सिंह पति सुरेश कुमार 50 वर्ष, सतीपारा निवासी आरती पावले पति श्रवण पावले 34 वष, वर्षा सिंह पति दिवाकर सिंह 40 वर्ष व इमलीपारा निवासी प्रभा देवी पति छोटु प्रसाद गुप्ता 50 वर्ष शामिल हैं।




# सूडान में खुलेआम कुख्यात अर्धसैनिक समूह का तांडव, बाजार में 54 लोगों को उतारा मौत के घाट, 158 लोग घायल

**खारतूम, 01 फरवरी 2025।** सूडान में देश की सेना के खिलाफ लड़ने वाले एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह ने ओमदुरमन शहर में एक खुले बाजार में आम लोगों पर हमला किया, जिसमें 54 लोग मारे गए हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार को सबरीन मार्केट पर रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) की तरफ से किए गए हमले में कम से कम 158 अन्य लोग घायल हो गए हैं। हालांकि, आरएसएफ की ओर से इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

### सरकार ने की हमले की निंदा

वहीं सूडान के संस्कृति मंत्री और सरकार के प्रवक्ता खालिद अल-अलीसिर ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि हताहतों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमले के कारण निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। उन्होंने एक बयान में कहा, यह आपराधिक कृत्य इस मिलिशिया के खूनी रिकॉर्ड में इजाफा करता है।यह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन है।



### सूडान में अप्रैल 2023 से जारी है संघर्ष

बता दें कि, सूडान में संघर्ष अप्रैल 2023 में शुरू हुआ जब सेना और आरएसएफ के नेताओं के बीच बढ़ते तनाव ने राजधानी खारतूम और विशाल पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश के अन्य शहरों में खुली लड़ाई का रूप ले लिया। इस संघर्ष में 28 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और लाखों लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। वहीं इसकी वजह देश के कई हिस्सों में अकाल की वजह से कुछ परिवार जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर हैं।

### युद्ध अपराधों की जांच कर रहा है अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय

वहीं संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार समूहों के अनुसार, इस संघर्ष में जातीय रूप से प्रेरित हत्या और दुष्कर्म समेत कई गंभीर अत्याचार हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने कहा कि वह कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच कर रहा है।



# जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर जिले मे बिना वैध अनुमति प्रवेश कर लगातार सक्रिय रहने वाले आरोपी पर सरगुजा पुलिस ने की सख्त कार्यवाही

- **थाना लखनपुर पुलिस टीम द्वारा जिला बदर हुए अनावेदक पुहपुटरा लखनपुर निवासी अमोल राजवाड़े कों किया गया गिरफ्तार**
- **अनावेदक कों जिला दंडाधिकारी सरगुजा द्वारा 01 वर्ष के लिए सरगुजा जिला सहित अन्य आस पास के 05 जिलों से किया था जिला बदर**
- **आरोपी के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस एवं छ. ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, बीएनएसएस की धारा 170/126, 135(3) के तहत की गई कार्यवाही**
- **आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार की जा रही सख्त वैधानिक कार्यवाही**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सखूती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि अनावेदक अमोल राजवाड़े पिता गोविन्द राम राजवाड़े उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पुहपूटरा चिलबिलपारा थाना लखनपुर जिला सरगुजा को कार्यालय कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी जिला सरगुजा के आदेश क्रमांक 445/ वाचक/2024 अंबिकापुर दिनांक 02/05/2024 के आदेश तहत अनावेदक के आयें दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये जाने से तथा क्षेत्र में लगातार आम जनता में भय एवं डर का माहौल बनाने से जिला कलेक्टर द्वारा जिला बदर की कार्यवाही की गई थी उक्त आदेश के तहत जिला सरगुजा से लगे सीमावर्ती जिलों जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर जिलों की सीमाओं से एक वर्ष के लिये परे रखने का आदेश पारित किया गया था जो अनावेदक द्वारा उक्त आदेश का अवहेलना करते हुये बिना अनुमति के जिला सरगुजा के ग्राम चिलबिलपारा पूहपुटरा थाना लखनपुर में प्रवेश कर आस-पास के क्षेत्रों में लगातार संक्रिय रहकर क्षेत्र की जनता के बीच भय तथा आतंक का माहौल बनाकर क्षेत्र की जनता को अपने कियाकलापों से भयोपरान्त किये जाने से थाना लखनपुर में अपराध क्रमांक 27/25 धारा 223 बीएनएस एवं छ. ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते जिला की सीमाओं से बाहर करने का प्रयास किया गया जो जिलों की सीमाओं से बाहर न जाकर हो हल्ला हुड़दंग करने लगा किसी संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने हेतु अनावेदक अमोल राजवाड़े पिता गोविन्द राम राजवाड़े उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पुहपूटरा चिलबिलपारा थाना लखनपुर जिला सरगुजा को धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना लखनपुर से उप निरीक्षक प्रेमसागर खुटिया, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव,प्रधान आरक्षक रवि सिंह, प्रधान आरक्षक विजय मरावी, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र जांगड़े, प्रधान आरक्षक प्रवीण चंद तिवारी, आरक्षक बन्दे केरकेट्टा सक्रिय रहे।

# परसा ईस्ट एंड कांता बासन खदान ने कोयला खदान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के मेगा प्रोजेक्ट श्रेणी में रचा इतिहास

- **मेगा प्रोजेक्ट श्रेणी में ओवरऑल प्रथम स्थान सहित कई पुरस्कार हासिल**
- **डंप मैनेजमेंट और रिक्लेमेशन सहित डस्ट सप्रेशन में भी जीता प्रथम पुरस्कार**

- संवाददाता -
सरगुजा, 01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (ऋङ्कहरु) की परसा ईस्ट एंड कांता बासन (पीईकेबी) ओपनकास्ट कोल माइंस ने ÷एनुअल कोल माइंस सेफ्टी फोर्टनाइट 2024÷ में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। बुधवार को जिले के विश्रामपुर में खान एवं सुरक्षा महानिदेशक द्वारा वितरण समारोह का कोयला खदान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपमहानिदेशक सुरक्षा श्री रामअवतार मीणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। समारोह में पीईकेबी खदान के सुरक्षा प्रमुख श्री मनोज कुमार शाही, सुरक्षा प्रबंधक श्री सतीश कटारिया, सुरक्षा अधिकारी श्री गाली थारूँ ने उपमहानिदेशक सुरक्षा श्री राम अवतार मीणा के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। इस दौरान पीईकेबी खदान के क्लस्टर एचआर हेड श्री राम द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह में पीईकेबी खदान ने मेगा प्रोजेक्ट श्रेणी में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही इंजीनियरिंग (एक्सकेवेशन), पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों (डस्ट सप्रेशन, डंप मैनेजमेंट और रिक्लेमेशन) के लिए भी पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा, इंजीनियरिंग, सर्वेक्षण, समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र तथा पीईकेबी खुली कोयला खदान की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बेस्ट माइनिंग आउटसोर्सिंग कॉन्ट्रैक्टर श्रेणी में दुर्गा इंफ्रा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।




### तकनीकी नवाचार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन

पुरस्कार वितरण समारोह में खुली खदान प्रोजेक्ट की श्रेणी, जिनमें गेवरा, दीपिका, गारपेल्मा 4 इत्यादि जैसी कुल 29 खदानें शामिल थी में पीईकेबी खदान ने आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल में भी अपनी श्रेष्ठता साबित की। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ढ्ढशञ्ज) आधारित रिमोट से संचालित डिवॉटरिंग पंप ऑटोमेशन के लिए पीईकेबी खदान को नवाचार श्रेणी में दूसरा स्थान मिला, जिसके तहत 25,000 का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

इस उपलब्धि पर खदान के सुरक्षा और क्लस्टर प्रमुख श्री मनोज कुमार शाही ने कहा कि, ÷यह हमारे समर्पण, कड़ी मेहनत और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। यह उपलब्धि हमारी टीम के अनुशासन और नवीन तकनीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम भविष्य में भी सुरक्षा और दक्षता मे नए मानदंड स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷

इन पुरस्कारों के अलावा ऐसे कड़े ऑपरेशन के कारण पिछले चार बार से खदान को भारत के कोयला मंत्रालय द्वारा फाइव स्टार रेटिंग से भी नवाजा गया है। पीईकेबी खदान एक मॉडल खदान की तरह लगातार चार सालों से अग्रणी है। पीईकेबी खदान की इस सफलता ने कोयला खनन उद्योग में सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी नवाचार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र मे ढांचागत विकास की श्रंखला मे खदान के पास के 14 गावों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में मरम्मत तथा बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं एव पक्के शौचालयों का निर्माण, गांव मे सड़क निर्माण एवं यात्री प्रतीक्षालयो के मरम्मत तथा सौंदरीकरण इत्यादि के कार्य शामिल है। साथ ही पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए 14 लाख से ज्यादा पेड़ 450 हेक्टेयर से ज्यादा खनन की हुई जमीन में रोपित किया है।

# दोपहिया वाहन चोरी के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, मामले मे शामिल 02 आरोपी किये गये गिरफ्तार

- **थाना लुन्ड्रा पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपियों के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही**
- **आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया स्प्लेंडर मोटरसायकल कुल किमती लगभग 50 हजार रुपये किया गया बरामद**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया श्रीमती आशा साकिन अमगाँव थाना लुन्ड्रा द्वारा दिनांक 31/01/25 कों थाना लुन्ड्रा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया का पति अम्बिकापुर प्लाई दुकान मे काम करता हैं और प्रतिदिन अपने स्प्लेंडर मोटरसायकल क्रमांक सीजी/15/सीसी/1140 से आना जाना करता हैं, कि घटना दिनांक 30/01/25 कों अपने मोटरसायकल से घर अमगाँव वापस आने के बाद उक्त मोटरसायकल कों अपने परछी मे खड़ा कर खाना पीना खाकर अंदर सो गये थे, सुबह उठकर देखे तो मोटरसायकल खड़े किये हुए स्थान पर नही था, आस पास पता तलाश किया जो पता नही चला,कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थिया के मोटरसायकल कों चोरी कर ले गया हैं, प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना लुन्ड्रा मे अपराध क्रमांक 25/25 धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबीर तैनात किये गए थे, इस दौरान पुलिस टीम कों मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम ससौली में दो व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी/15/सीसी /1140 से संदिग्ध रूप से घुम रहे है कि सूचना पर हमराह स्टाफ के मौके पर जाकर संदेहियो कों हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम (01)मो.अहमद रजा पिता मो. जमाल खान उम्र 23 वर्ष निवासी लुण्ड्रा (02) राम प्रसाद मराबी पिता नवरंग मराबी उम्र 24 वर्ष निवासी उरदरा थाना लुण्ड्रा का होना बताये, संदेहियो से चोरी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी/15/सीसी/1140 कुल किमती 50 हजार रुपये मौक़े से बरामद किया गया, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर मोटरसायकल चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों द्वारा घटना कारित किया स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी लुन्ड्रा उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, सहायक उप निरीक्षक विजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पाल, आरक्षक बालकेश्वर राम, शिवकुमार खलखो, बहाल राम, राजेंद्र प्रसाद, निरंजन बड़ा सक्रिय रहे।




# सरगुजा जिले के कुल 16 प्रकरणों मे जप्त मादक पदार्थों का जिला स्तरीय समिति द्वारा नियमानुसार नष्टीकरण किया गया संपन्न

- **सीआरपीएफ कैम्प (केपी ग्राम) के निकट स्थल गंजास नाला में थाना कोतवाली अम्बिकापुर में जप्त मादक पदार्थो का किया गया नष्टीकरण...**
- **नष्टीकरण कार्यवाही के दौरान ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य रहे मौक़े पर उपस्थित**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।







सरगुजा पुलिस द्वारा कुल 16 प्रकरणों मे जप्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण की प्रक्रिया सीआरपीएफ कैम्प (केपी ग्राम) के निकट स्थल गंजास नाला थाना कोतवाली अम्बिकापुर मे विधिपूर्वक संपन्न किया गया, उक्त कार्यवाही जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति के मार्गदर्शन में की गई। नष्टीकरण कार्यवाही में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत जप्त मादक पदार्थों का निपटान किया गया। कुल 16 प्रकरणों मे जप्त मादक पदार्थ गांजा 115.890 किलोग्राम, गांजा पौधा 50 नग (22.050 किलोग्राम), इंजेक्शन 1204 नग, टेबलेट 450 नग, कफ सिरप 374 नग कों विधिवत नष्ट किया गया,नष्टीकरण कार्यवाही समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल अन्य सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, नगर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित शाह, एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री लक्ष्मीकान्त गायकवाड़, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के छेत्रीय अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकरियो के उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यवाही से पूर्व समस्त प्रकरणों की विस्तृत सूची एवं आवश्यक दस्तावेजों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा नष्टीकरण की सूचना संबंधित विभागों एवं माननीय न्यायालय को अग्रिम रूप से दी गई हैं।

# ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम पंचायत पैनारी के सरपंच द्वारा किये गये लाखों रुपये के गबन का जांच में हुआ प्रमाणित

## क्या कार्यवाही किया जाएगा या जवाब देकर सरपंच बच जाएगा ?




### ग्राम पंचायत पैनारी में है लाखों रूपए का गबन काम हुए नहीं और राशि हुई आहरण ?

### शिकायतकर्ता ग्रामीणों को कार्यवाही का इंतजार ?

### जी एस टी नंबर निरस्त होने के बाद भी लाखों रूपए राशि आहरण किया गया ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत पैनारी के ग्रामीणों ने एक लिखित शिकायत सरपंच ग्राम पंचायत पैनारी के गबन के संबंध में कि गई थी जिसकी जांच तहसीलदार एवं कार्यपालन दंडाअधिकारी खड़गवां के द्वारा संयुक्त जांच प्रतिवेदन कार्यवाही हेतु भेजा गया ग्राम पंचायत भवन पैनारी में रनिंग वाटर कार्य के लिए दिनांक 15. 12 .2022 को पंद्रहवें वित्त की राशि से 60000/ का भुगतान मटेरियल सप्लायर को तथा 52000 /का भुगतान दिनांक 25 .12 .24 को शर्मा ट्रेडर्स को किया गया परंतु स्थल जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत भवन पैनारी में रनिंग वाटर का कोई भी कार्य नहीं कराया गया है ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा भी यह स्वीकार किया गया कि ग्राम पंचायत में रनिंग वाटर के संबंध में कोई भी कार्य नहीं कराया गया है तथा शासकीय राशि का आहरण किया गया है उपरोक्त कुल राशि 1.12.000/ का बिना किसी निर्माण कार्य के ही आहरण एवं व्यय किया जो घर वित्तीय अनियमितता की गई है राशि का गबन किया गया है हाई स्कूल पैनारी में रनिंग वाटर निर्माण कार्य हेतु शर्मा ट्रेडर्स बंदर को 1.16. 000 / का भुगतान दिनांक 25. 12 .2024 को पंद्रहवें वित्त की राशि से किया गया स्थल जांच में पाया गया है की हाई स्कूल पैनारी में रनिंग वाटर कार्य नहीं कराया गया है और उपरोक्त राशि 1.16.000/ बिना किसी कार्य के आहरण एवं व्यय किया जाना घोर वित्तीय अनियमितता की गई है और शासकीय राशि का गबन किया गया है दिनांक 25.7.2024 को ग्राम पैनारी के बडकापारा में बोरवेल खनन कार्य हेतु 1.20.000 / रुपए का भुगतान पंद्रहवें वित्त की राशि से किया गया है (वाउचर नंबर ×1fc/2024-25/p/4) स्थल जांच में पाया गया कि उक्त बोरवेल ग्राम पनारी के गोटिया पारा निवासी नाहर सिंह पिता सुखलाल के बॉडी में निजी भूमि खसरा नंबर 1190 रकबा 2.47 हेश्व भूमि स्वामी रामवती पिता दिल राम के निजी उपयोग हेतु कराया गया था जबकि बोर खनन सामाजिक प्रयोजन हेतु शासकीय भूमि पर कराया जाना था जांच में सत्य पाया गया कि शासकीय राशि का उपयोग कर व्यक्तिगत हित के लिए किया जो घोर अनियमितता की गई है। ई - ग्राम स्वराज ऑनलाइन रिपोर्ट अनुसार वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक 14वां/ 15वां वित से निर्माण हेतु सामग्री निखिलेश कंस्ट्रक्शन नामक वेंडर संस्था को कुल राशि 19.63 .439 / रुपए भुगतान किया जाना पाया गया और मनरेगा पोर्टल से प्राप्त ऑनलाइन रिपोर्ट अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं वित्तीय वर्ष 21-22 में ग्राम पंचायत पैनारी में ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु सामग्री प्रदान करने के लिए निखिलेश कंस्ट्रक्शन को कुल 28 14.537 /रुपए भुगतान किया जाना पाया गया अर्थात कुल राशि 47. 77.976/ रुपए का भुगतान ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के द्वारा किए गए निर्माण कार्यों के लिए वेंडर निखिलेश कंस्ट्रक्शन को किया गया जबकि निखिलेश कंस्ट्रक्शन का पता बिल वाउचर में ग्राम पंचायत पैनारी अंकित है ग्राम वासियों द्वारा एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि निखिलेश कंस्ट्रक्शन नामक कोई भी दुकान/ट्रेडर्स ग्राम पंचायत में स्थित नहीं है जांच में यह भी पाया गया कि निखिलेश कंस्ट्रक्शन नाम का कोई भी दुकान अथवा संस्था सप्लायर ग्राम पंचायत पैनारी की परिधि में नहीं है जांच में फर्जी दुकान का बिल वाउचर लगाकर लाखों रूपए क आहरण किया जाना पाया गया निखिलेश कंस्ट्रक्शन के बिल वाउचर में तथा कार्यालय सहायक आयुक्त वाणिज्य कर मनेंद्रगढ़ से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी में निखिलेश कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर का नाम नंदकुमार सिंह है जो सरपंच पति हैं तथा निखिलेश सरपंच के पुत्र का नाम है ग्राम वासियों द्वारा यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायत पैनारी में उपरोक्त सभी कार्य एवं मनरेगा का कार्य सरपंच के द्वारा एवं सरपंच पति के द्वारा अनौपचारिक ठेकेदारी में स्वयं ही किया गया है। यह प्रतीत होता है कि आपके द्वारा अपनी स्थिति तथा प्रभाव का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उपयोग कर अपने पति एवं पुत्र को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा था। ग्राम वासियों द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर मनेद्रगढ़ से प्राप्त जानकारी क्रमांक स.आ रा क/ जी एस टी /2022/827 मनेंद्रगढ़ दिनांक 10/10/2022 की प्रतिलिपि प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार निखिलेश कंस्ट्रक्शन ग्राम पंचायत पैनारी जीएसटी नंबर 22 F I IS0082MvZY प्रोपराइटर नंदकुमार का रजिस्ट्रेशन दिनांक 3 /1 /2019 को समाप्त होना सहायक आयुक्त राज्य कर कोरिया वृत्त मनेद्रगढ़ के द्वारा जानकारी दिनांक 10 /10/ 2022 को दिए जाने का प्रमाण प्रस्तुत किया गया है यह की रजिस्ट्रेशन समाप्त दिनांक के उपरांत भी शासकीय राशि का भुगतान निखिलेश कंस्ट्रक्शन ग्राम पंचायत पैनारी द्वारा किया जाना जांच में पाया गया जांच में यह भी पाया गया कि निखिलेश कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर सरपंच के पति तेंदूपत्ता संग्रहण समिति कोडा के प्रबंधक हैं। जिसकी पुष्टि कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी वन परिक्षेत्र खड़गवां के पत्र क्रमांक 23 दिनांक 10.1.2025 से स्पष्ट होता है। तेंदूपत्ता संग्रहण समिति के प्रबंधक द्वारा स्वयं को निजी व्यवसाय में संलिप्त करना तथा ग्राम पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। स्थल निरीक्षण जांच में यह पाया गया कि विगत 5 वर्षों में ग्राम पंचायत पैनारी के शासकीय भूमि पर स्थित किसी भी ढोढी के मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। जांच दल द्वारा ऑनलाइन रिपोर्ट के परीक्षण से या पाया गया कि दिनांक 24/ 3 /2020 को ढोढी मरम्मत हेतु 2.00000/ का भुगतान निखिलेश कंस्ट्रक्शन पैनारी को किया गया है पुनः दिनांक 24/ 3./24 को ही 1.00000 / रूपए का भुगतान ढोड़ी मरम्मत हेतु निखिलेश कंस्ट्रक्शन पैनारी को किया गया है पुनः दिनांक 17/ 7/ 2022 को 1.50.000/ रुपए का भुगतान ढोढी मरम्मत कार्य हेतु निखिलेश कंस्ट्रक्शन को किया गया है जांच दल द्वारा यह पाया गया कि ग्राम पंचायत पैनारी में ग्राम पंचायत बैठक की कार्यवाही रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। ग्राम पंचायत पैनारी के सचिव द्वारा यह बताया गया की उक्त रजिस्टर सरपंच के द्वारा अपने घर ले जाया गया है। उपरोक्त कार्य शासकीय कार्यालय हेतु जारी निर्देशों के विपरीत पाया गया ग्राम पंचायत भवन पैनारी की बैठक सूचना पंजी अवलोकन किया गया दिनांक 12 /02/2024 के बाद बैठक की सूचना अंकित नहीं होना पाया गया जो की छत्तीसगढ़ पंचायत (सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कामकाज का संचालन) नियम 1994 के नियम 3(2) का उल्लंघन है। ग्राम सभा की पंजी का अवलोकन किया गया जिसमें दिनांक 25/ 6/ 2024 के उपरांत किसी भी ग्राम सभा में सदस्यों उपस्थिति अंकित नहीं है। जो की छत्तीसगढ़ ग्राम सभा (सम्मिलन की प्रक्रिया) नियम 1994 के नियम 7 का उल्लंघन है सरपंच ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाया है तथा सरपंच द्वारा अपनी स्थिति तथा प्रभाव का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रयोग करते हुए अपने पति नंदकुमार सिंह एवं पुत्र निखिलेश को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए उनके माध्यम से ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य कराया गया है। बिना किसी निर्माण कार्य के राशि का आहरण एवं भुगतान कर शासकीय राशि का गबन किया गया है। संयुक्त जांच दल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं प्रमाण स्वरूप संलग्न दस्तावेज का अवलोकन एवं अध्ययन के पश्चात आप प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होता है तथा ग्राम पंचायत पैनारी के सरपंच पद पर बना रहना लोकहित में अवांछनीय प्रतीत होता है। जिससे छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के प्रावधानों के तहत क्यों ना आपको पद से पृथक किए जाने के कार्यवाही की जाए ।

# यातायात नियमों को लेकर सबसे ज्यादा जागरूकता शिविर

## योगेंद्र जायसवाल सम्मानित

### सूरजपुर जिले में 1 से 31 जनवरी तक पुलिस विभाग द्वारा चलाया गया था यातायात जागरूकता अभियान,खड़गवां चौकी रही अव्वल



#### गणतंत्र दिवस समारोह में भी हो चुके हैं सम्मानित....

चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल बेहतर पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं,यही कारण है कि बेहतर पुलिसिंग के साथ पुराने पेंडिंग मामलों के निराकरण,अपराधों के विरुद्ध कार्यवाही,कानून की जानकारी जन जन तक पहुंचाने सहित चौकी प्रभारी के रूप में अन्य बेहतर कार्यों के लिए गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया था।सूरजपुर जिला मुख्यालय में उन्हें यह सम्मान उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में मंत्री रामविचार नेताम द्वारा दिया गया था।

-संवाददाता-
प्रतापपुर,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

यातायात नियमों को लेकर सबसे ज्यादा जागरूकता शिविर आयोजित करने को लेकर खड़गवां चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल को जिला मुख्यालय में समापन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। सूरजपुर जिले में पूरे एक महीने तक जागरूकता अभियान चलाया गया था,खड़गवां चौकी द्वारा यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी सबसे ज्यादा की गई थी।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर सूरजपुर जिले के विभिन्न थानों और चौकी क्षेत्रों में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान 1 से 31 जनवरी तक चलाया गया था।इसके तहत विभिन्न स्थानों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना था,राहगीरों के साथ अन्यों को जागरूक करना था। इसी अभियान के तहत खड़गवां चौकी पुलिस ने प्रभारी योगेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में जिले में किसी भी थाने या चौकी से ज्यादा शिविर आयोजित किए जो स्कूल,खदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुए थे। उनके द्वारा बच्चों के साथ राहगीरों और वाहन चालकों को हर एक बिंदु परनियमों की जानकारी देते हुए सभी से आव्हान किया था कि दुर्घटना से बचने यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने जरूरतमंद मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट का निःशुल्क वितरण किया था तथा हेलमेट और सीट बेल्ट के साथ वाहन चलाने वालों को गुलाब के फूल दे प्रोत्साहित किया था।इसके साथ ही ऐसे लोगों के विरुद्ध भी सबसे ज्यादा कार्यवाही की गई जो यातायात के नियमों का पालन करते नहीं पाए गए। इनके द्वारा एक जागरूकता रथ भी निकाली गई थी जो कई दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची थी और पंपलेट व अन्य माध्यम से जागरूकता लाने काम किया था। आज शनिवार को जिला मुख्यालय में जागरूकता अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के तौर कर कलेक्टर जयवर्द्धने के साथ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर,जिला पंचायत सीईओ नंदिनी साहू उपस्थित थे।समापन समारोह के दौरान चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल को जागरूकता अभियान के दौरान जिले में सबसे बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।प्रभारी को यह सम्मान मिलने के बाद चौकी पुलिस परिवार में हर्ष व्याप्त है वहीं प्रभारी योगेंद्र जायसवाल ने मार्गदर्शन और सम्मान के लिए उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चौकी क्षेत्र में बेहतर कार्य सभी पुलिस कर्मियों के सहयोग से ही सम्पन्न है तथा आन वाले दिनों में भी शासन तथा उच्च अधिकारियों की मंशा के अनुसार बेहतर कार्य करने की कोशिश करेंगें।इस दौरान जिले के विभिन्न थानों,चौकियों के प्रभारी व पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु कोरबा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने आज क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी, बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती यादव के द्वारा आज कोरबा नगर निगम के 22 मतदान केंद्रों का एवं विद्युत गृह स्कूल में हो रहे महिला मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया । सामान्य प्रेक्षक द्वारा 22 मतदान केंद्र जो कि विद्युत गृह स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, प्राइमरी स्कूल रामपुर, निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी, शासकीय मिनीमाता कॉलेज, कन्या स्कूल टीपी नगर, एनटीपीसी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल और आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



## छत्तीसगढ़ और गरीब किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं : ज्योत्सना महंत

-संवाददाता-
कोरबा,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में मिडिल क्लास, लोवर मिडिल क्लास और गरीबों-किसानों के लिए जो कुछ भी कहा गया है वह सब अव्यवहारिक है। कोरबा सांसद ने कहा कि देश में कितने लोगों की आमदनी एक साल में 12 लाख से ज्यादा है जिन्हें इस बजट में लाभ मिलता दिख रहा है, लेकिन वहीं दूसरी ओर 4 से 8 लाख पर 5 प्रतिशत और 8 से 12 प्रतिशत पर 10 प्रतिशत टैक्स का क्या मामला है? वित्त मंत्री को स्पष्ट करना चाहिए। ज्योत्सना महंत ने कहा कि बजट छत्तीसगढ़ को निराश करता बजट है। महंगाई कम करने पर कोई बात नहीं की गई है। किसान, मजदूर, गरीब, युवा को सिर्फ आंकड़ें मिलेंगे, जमीनी राहत की कोई गुंजाईश नहीं दिखती है। सांसद ने मेडिकल कॉलजो व अस्पतालों में अतिरिक्त सीटें जोडने के प्रस्ताव को सराहा है,वहीं जीवन रक्षक कुछ चुनिंदा दवाओं में पिछली बजट की तरह छूट को दर्शाया है,लेकिन 80 प्रतिशत से अधिक दवा जो आम लोगों की जरूरत से जुड़ा है उन पर कोई राहत नहीं दी गई है।

# सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद मरावी हुये सेवानिवृत्त



-संवाददाता-
सूरजपुर,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

35 वर्ष के कार्यकाल पश्चात् 31 जनवरी को लोक निर्माण ( विद्युत /यांत्रिक) के सहायक अभियंता श्री लक्ष्मण प्रसाद मरावी सेवानिवृत्त हुये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन व विभाग के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें ससम्मान विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर श्री लक्ष्मण प्रसाद मरावी ने अपने कार्यालय के सहयोगी व समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके सहयोग व स्नेह के लिए धन्यवाद व्यापित किया।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक विजय कुमार हलवाई का जिले में हुआ आगमन

### निर्वाचन से संबंधित समस्या व निदान हेतु दूरभाष क्रमांक 07775-299003 व मो. नं. 9827153256 पर कर सकते है संपर्क


-संवाददाता-
सूरजपुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2025 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला सूरजपुर हेतु श्री विजय कुमार हलवाई (उप संचालक वित्त छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिनका आगमन आज जिले में हो गया है। विजय कुमार हलवाई, न्यू सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 06 में रूके है। जिनसे आमजन 11:00 बजे से 02:00 बजे की अवधि तक निर्वाचन से संबंधित समस्या व निदान हेतु संपर्क कर सकते है। उनसे दूरभाष क्रमांक 07775-299003 व मो. नं. 9827153256 के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

# घर बनाने के लिए लोहे का सरिया चोरी करने वाले 02 आरोपी को वाहन समेत पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,01 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



विगत दिनांक 29-01-25 से 30-01-25 के दरमियानी रात उतरदा स्थित रेल्वे निर्माणधीन ब्रीज क्र0 200 के पास स्थित JPS बिल्डटॉच प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के स्टोर से लगभग 05 क्विंटल सरिया कीमती 30,000 रु को पीकअप वाहन क्र. CG 10 BG 4579 के चालक द्वारा चोरी कर ले जाने ,एवं कंपनी के वाहन आने पर प्रकाश की लाईट व भय से वाहन मे लोड सरिया को छोड़कर भाग जाने की रिपोर्ट प्रार्थी के द्वारा किया गया था । घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर अपराध क्र0 118/25 धारा 331(4),305,3(5) BNS पंजीबद्ध किया गया। जिसपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कटघोरा पंकज ठाकुर के नेतृत्व में थाना प्रभारी पसान श्रवण विश्वकर्मा ने अपने स्टाफ के साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी दौरान मुखबीर से सुचना प्राप्त होने पर बलबहरा के सुरेन्द्र कुमार यादव रानी बस्ती एवं पसान के बब्लू उर्फ सुर्यप्रताप सिंह को तलब कर पुछताछ करने पर घर बनाने के लिये सरिया चोरी कर ले जाने के दौरान रास्ते मे कंपनी के वाहन आने पर प्रकाश की लाईट व भय से वाहन मे लोड सरिया को छोड़कर भाग जाना बता कर अपना जुर्म स्वीकार किया है। मामले में आरोपी पीकअप वाहन क्र0 CG 10 BG 4579 का चालक सुरेन्द्र कुमार यादव पिता गजाधर उम्र 38 साल सा0 बलबहरा तथा सुर्यप्रताप तंवर पिता इंद्रपाल सिंह तंवर उम्र 36 साल सा0 रानी बस्ती पसान को गिरफ्तार किया गया है। मामले मे सरिया लोड पीकअप वाहन क्र0 CG 10 BG 4579 तथा 05 क्विंटल सरिया कुल कीमती 4,31,750 रु को जप्त कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया या है। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी श्रवण विश्वकर्मा, सउनि0 लक्ष्मी कुर्रे, आर0 ओमप्रकाश निराला ,वं आर0 डोमन मधुकर की भूमिका सराहनीय रही।

# विगत वर्ष से अधिक मात्रा में हुई धान खरीदी

## जिले के 20 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचे हैं धान

## अन्नदाताओं के खाते में पहुंची 295 करोड़ रुपए से अधिक की राशि

## कलेक्टर चंदन त्रिपाठी देर रात तक धान खरीदी प्रक्रिया पर अधिकारियों को देती रहीं दिशा-निर्देश

-संवाददाता-
कोरिया 01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले में इस खरीफ वर्ष के लिए 21 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 23 हजार 117 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। बता दें 14 नवम्बर 2024 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 थी।



देर रात तक धान खरीदी प्रक्रिया पर रहीं कलेक्टर की नजरें- कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी धान खरीदी प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी हुई थीं। वे लगातार सुबह से लेकर देर रात तक धान खरीदी के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते रहें।कलेक्टर, धान खरीदी केंद्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लेती थीं और ग्रामीणों, किसानों से बातचीत कर वस्तुस्थिति से अवगत भी होती थीं। व्हाट्सएप ग्रुप में नोडल अधिकारियों, समिति प्रबन्धकों को भौतिक सत्यापन सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए निर्देश देते रहे।

विगत वर्ष से अधिक धान खरीदी- जिले में खरीफ वर्ष 2023-24 में 19 हजार 654 किसानों से 124265.32 मे. टन धान खरीदी की गई थी, जबकि खरीफ वर्ष 2024-25 में धान खरीदी का लक्ष्य 137195 मे. टन के विरुद्ध 20 हजार 306 किसानों से समर्थन मूल्य पर बढ़कर 128475.12 मे. टन की खरीदी की गई। इस वर्ष बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 295 करोड़ 49 लाख रुपए से अधिक का भुगतान इन अन्नदाताओं किया गया। करीब 49 करोड़ रुपए की हुई ऋण वसूली- जिले के किसानों को 51 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक के कृषि ऋण वितरण किए गए थे, जिनमें से 48 करोड़ 80 लाख रुपए की ऋण वसूली किए जा चुके हैं। कुल धान खरीदी का 75 प्रतिशत उठाव- जिले में 14 राइस मिल संचालकों ने अनुबंध किया गया है। इन 21 धान उपार्जन केंद्रों से अब-तक 14 राइस मिलो से 84320 मे. टन एवं संग्रहण केंद्र में 11726.57 मे. टन कुल 96046.57 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जो कुल धान खरीदी का 75 प्रतिशत है।

### 13 प्रकरणों पर हुआ मामला दर्ज

जिले में अवैध धान भण्डारण, परिवहनों की लगातार निगरानी की जा रही थी, इस दौरान 13 प्रकरण दर्ज भी किया गया।

## 03 एवं 12 फरवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भैयाथान में मतदान दलों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

-संवाददाता-
सूरजपुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय आगामी आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर छ.ग. के पत्र अनुक्रम में विकासखण्ड स्तर पर मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। मतदान दलों का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु मास्टर टेऊनरों का निर्धारण कर लिया गया है। प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय भैयाथान में प्रथम चरण 03 फरवरी को 10:00 बजे से एवं द्वितीय चरण 12 फरवरी को 10:00 बजे से आयोजन किया जाना है।

## त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025: जिला पंचायत एवं जनपदों के निर्धारित केंद्रों से किया जा रहा नाम निर्देशन पत्रों का वितरण

-संवाददाता-
सूरजपुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 चुनाव के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात आज छठवें दिन जिला पंचायत एवं सभी जनपदों के निर्धारित केंद्रों से नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किया गया। जिला पंचायत सूरजपुर में आज जिला पंचायत सदस्य के लिए 11 फार्म का वितरण किया गया एवं 43 फार्म जमा किए गए। इन छह दिनों में कुल 147 फार्म खरीदे गए एवं 99 फार्म जमा किए गए।

# नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन की कार्यवाही संपन्न



-संवाददाता-
सूरजपुर 01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन में नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए ई.वी.एम. मशीनों का रेंडमाइजेशन की कार्यवाही विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में संपन्न की गई। गौरतलब है कि रेंडमाइजेशन के पश्चात नगरीय निकायवार आबंटित मशीनों को पृथक पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी। इस रेंडमाइजेशन कार्यवाही के अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत बंजारीडांड में मतदाता सूची में गड़बड़ी, ग्रामीणों में रोष,चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कोरिया जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारीडांड में मतदाता सूची में भारी अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि मतदाता सूची में पूरे परिवारों को अलग-अलग वार्डों में दर्ज किया गया है, जिससे वे चुनाव प्रक्रिया में असमंजस और परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

ग्रामवासियों ने इस अनियमितता को सुधारने की मांग करते हुए 31 जनवरी 2025 को कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो वे आगामी पंचायत चुनाव के बहिष्कार को मजबूर हो जाएंगे।




### प्रशासन हरकत में, तहसीलदार को भेजा गया मौके पर

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसीलदार पोड़ी बचरा को ग्राम पंचायत बंजारीडांड भेजा। मौके पर तहसीलदार पहुंचे तो बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां मौजूद थे, जो मतदाता सूची की गड़बड़ियों को लेकर नाराजगी जता रहे थे।

**ग्रामीणों की मांग...**

1. प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही वार्ड में दर्ज किये जाएं।
2. मतदाता सूची की त्रुटियों को जल्द से जल्द सुधारा जाए।
3. चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जाए।

### चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो वे पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। इस मुद्दे पर प्रशासन द्वारा जल्द निर्णय लेने की उम्मीद जताई जा रही है।

**कलेक्टर एवं डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने गुड सेमेटिरन व यातायात जागरूकता कार्यक्रम में विशेष सहभागिता पर पुलिस जवानों व नागरिकों को किया सम्मानित**

# सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन





-संवाददाता-
सूरजपुर,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो 1 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ था जिसका शनिवार, 01 फरवरी 2025 को समापन हुआ। सूरजपुर पुलिस के द्वारा समापन कार्यक्रम स्थानीय ऑडिटोरियम भवन में आयोजित किया जिसमें सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल अस्पतालों में पहुंचने वाले गुड सेमेटिरन, सड़क सुरक्षा मितान, उत्कृष्ट यातायात नियमों पर भाषण, जागरूकता, नशा मुक्ति, वाद-विवाद, रंगोली, रोड़ सेफ्टी पर रंगोली व पोस्ट के लिए छात्र-छात्रों को सम्मानित करते हुए कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर, सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने इन्हें स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में एसईसीएल भटगांव के नमो नारायण सिंह व टीम के द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर शानदार कव्वाली की प्रस्तुती दी तथा छात्रावास के बच्चों के द्वारा नाटक के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने हेतु सभी को प्रेरित किया।

इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन ने कहा कि हमें सड़क पर अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए, जब कम्यूनिटी मूव्हमेंट बनता है तो अपने आप लोग जागरूक होकर सड़क सुरक्षा के नियमों से जुड़ने लगते है, केवल एक माह में ही हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करने होंगे। जिले की पुलिस के द्वारा यातायात को लेकर बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है, पूरे महिने कोई न कोई नई गतिविधि देखने को मिली जिसमें हेलमेट रैली, स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देना, यातायात नियमों के पालन पर लोगों को फूल देकर सम्मानित करना, चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में जागरूकता आई है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि हमारे बीच काफी संख्या में गुड सेमेटिरन मौजूद है जो दुर्घटना में घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस के द्वारा किए कार्य को नागरिकगण न्यूज एवं समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़कर अवगत होकर भी यातायात नियमों को पालन कर रहे है।

### सैकड़ो लोगों को किया हेलमेट वितरण

सड़क सुरक्षा माह में जिले की पुलिस ने सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए अपना बेस्ट देने का प्रयास किया जिसका बेहतर नतीजा भी देखने को मिला है सड़क दुर्घटना में कमी आई। इस एक माह के दौरान पुलिस के अधिकारी व जवानों के द्वारा नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई। विभिन्न कार्यक्रमों/अभियानों के दौरान सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को हेलमेट वितरण किया गया व 553 वाहन चालकों के नेत्र की जांच कराई गई। इस वर्ष माह जनवरी में शराब पीकर वाहन चलाने के 92 प्रकरणों में वाहन जप्ती की कार्यवाही कर चालान न्यायालय पेश किया गया इसके अलावे बिना हेलमेट के 966 प्रकरण, बिना सीटबेल्ट के 1391 प्रकरण,ओव्हर स्पीडिंग के 95 लोगों पर कार्यवाही की गई। माह जनवरी 2025 में यातायात नियमों के उल्लघंन पर कुल 7793 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही कर 30 लाख 31 हजार रूपये का समन शुल्क अर्जित किया गया है।

### गुड सेमेरिटन हुए सम्मानित

गुड सेमेरिटन जिन्होंने सड़क दुर्घटना के गोल्डन ऑवर में घायलों को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में पहुंचाकर लोगों की जान बचाने के महत्वपूर्ण योगदान के लिए ग्राम जरही निवासी आलोक गर्ग, ग्राम तेलसरा निवासी लालमन राजवाड़े, ग्राम चंदौरा संतोष कमार, ग्राम शिवनगर के कुपार देव, ग्राम केवरा के कमलेश राजवाड़े, ग्राम गोटगवां के शंभू मरावी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण देने पर जिला के स्काउड के उमेश गुर्जर, चित्रकांत जायसवाल, अशोक दुबे, कन्हैयालाल सोनी, सड़क सुरक्षा माह में कैम्प लगाकर चालकों को नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नेत्र चिकित्सक डॉ. मुकेश राजवाड़े, टेक्निशियन प्रदीप कुजूर,महाविद्यालयों में कैम्प लगाकर डाईविंग लायसेंस बनाने पर आरटीओ के लायसेंस प्रभारी चंद्रशेखर महिलागे, दीपक गुर्जर, महेश्वर तिवारी, हरीश पाण्डेय तथा पुलिस विभाग की ओर से प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार के लिए आरक्षक संतोष सोनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिले के थाना-चौकी में पदस्थ अधिकारी व जवानों जिन्होंने वर्षभर यातायात जागरूकता के संबंध में कार्य करते हुए घायलों की मदद कर समय पर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर जीवन रक्षक कार्य करने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया।

### सड़क दुर्घटना से बचाव पर सुरक्षा मितान हुए सम्मानित

सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु जिले में सुरक्षा मितान के रूप में योगदान पर समाजसेवी रामबिलास मित्तल, बंटी (अकित) सोनी, विजय गुप्ता, सुखराम सिंह, राजेश गुप्ता, छनुआ, बंधन राम, दिलीप समद्दार, धरनीधर, वेदप्रकाश मिश्रा, गौतम मण्डल, लालमन पैंकरा, मन्नू कुर्रे, प्रेमजीत, प्रदीप पैंकरा, प्रेम, ललित यादव व राकेश कुमार को सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, जिले के थाना-चौकी प्रभारी, पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, पत्रकारगण सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

### यातायात नियमों 472 आयोजनों से 1 लाख 50 हजार लोगों को किया गया जागरूक

जिले की पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति नागरिकों में जागरूकता को लेकर बड़ा अभियान चलाया जिसमें 56 स्कूल कालेजों में यातांयात प्रशिक्षण कार्यक्रम, 37 जन जागरूकता रैली, 7 हेलमेट रैली, 3 नुक्कड़ नाटक, 37 व्यावसायिक वाहन एवं ऑटो चालकों का प्रशिक्षण, 6 स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, 10 प्रदर्शनी स्थल में आम नागरिकों का भ्रमण, 93 आम सड़क एवं हाट बाजारों में जागरूकता, 158 चौक चौराहों में वाहन चालकों को समझाईश, 46 चलित थाना व 19 सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् करीब 1 लाख 50 हजार लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# अध्यक्षों एवं पार्षदों को दी गयी ईवीएम मशीन की जानकारी



-संवाददाता-
एमसीबी,01 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर विविधत सूचना पश्चात आयोग के निर्देशों के कार्यालय के सभा कक्ष मे निर्वाचन अभ्यर्थीयों तथा निर्वाचन अभिकर्ता की बैठक रिटर्निंग ऑफिस नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा आहूत की गई थी। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रदर्शन किया गया और उपस्थित लोगों ईवीएम से संबंधित संदेहों का समाधान किया गया। इसके अलावा, वोटिंग डेमो भी किया गया, ताकि लोग ईवीएम का उपयोग करने में सहज महसूस करें। यह बैठक निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी।
बैठक में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन संदर्शीका के निर्देश 9.3.5 का पालन करते हुए, उपस्थित अभ्यर्थी और अभिकर्ताओं को कुछ आवश्यक प्ररूप निशुल्क वितरित किया गया। जिसमें अध्यक्ष अथवा पार्षद की स्थिति में संबंधित वार्ड से पार्षद का निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची, नगर पालिका की वार्ड वार/संबंधित वार्ड के मतदान केंद्रों की सूची, आदर्श आचरण संहिता की प्रति, अभ्यर्थी का पहचान पत्र, महापौर, अध्यक्ष, अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय (लेखा साधरण एव प्रस्तुति) आदेश 2024 की प्रति, अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार सम्बन्धी सामग्री की मानक दर सूची, निर्वाचन अपराध सम्बन्धी सूचना परिशिष्ट-24,क्लाक एरर के सम्बन्ध में आयोग का जारी पत्र, निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त प्ररूप-11 की प्रति निःशुल्क प्ररूप वितरण के बाद, रिटर्निंग अधिकारी ने नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, नगर पालिक अधिनियम 1961, और स्थानीय निर्वाचन अपराध 1964 की धाराओं की जानकारी दी। इसके अलावा, प्रपत्र वितरण पंजी तैयार की गई और वितरित प्रपत्रों की अभिस्वीकृति स्वरूप उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर लिए गए। इस प्रक्रिया का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ावा देना है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत, निर्वाचन आयोग को निर्वाचन प्रक्रिया को नियंत्रित करने और सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है कि निर्वाचन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किए जाएं। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जुलूस सभा रैली लाउडस्पीकर, वाहन आदि का उपयोग हेतु अनुमति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। जिसमें अभ्यर्थियों के क्लॉक एरर के संबंध में चर्चा एवं प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, जिला कोषालय अधिकारी, और मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल खबर



### हैदराबाद तूफ़ान ने सूरमा क्लब को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**राउरकेला,01 फरवरी 2025।** हैदराबाद तूफ़ान ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फ़ाइनल में प्रवेश करते हुए सीजन् का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद तूफ़ान का सामना शनिवार को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। सेमीफ़ाइनल जैसे मैच में, हैदराबाद तूफ़ान ने 25वें मिनट में अमनदीप लाकड़ा के ज़रिए पहला गोल किया, जिसके बाद जैकब एंडरसन (35) और नीलकांत शर्मा (43) ने उनके स्कोर में इज़ाफ़ा किया, जबकि जेरेमी हेवर्ड (60) ने मैच के अंतिम समय में सूरमा के लिए सांत्वना भरा गोल किया।इससे पहले, तूफ़ान ने आठवें मिनट में तलविंदर सिंह के शानदार प्रदर्शन के बाद खेल का पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता।

# ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेट में किया बड़ा करिश्मा

### » श्रीलंका में रच दिया महाकीर्तिमान

**मेलबर्न,01 फरवरी 2025।** ऑस्ट्रेलिया ने अपने घर में टीम इंडिया को 5 मैचों की टेस्ट सीरज में 3-1 से करारी शिकस्त देते हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी के फाइनल में लगातार दूसरी बार जगह बनाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने जीत की लय को बरकरार रखते हुए श्रीलंका दौरे का आगाज भी शानदार अंदाज में किया है। ऑस्ट्रेलिया ने गॉले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट में मेजबान श्रीलंका को बुरी तरह से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार बल्लेबाजी और फिर कमाल की गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका को 242 रन और पारी से शिकस्त दी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेट में विदेशी धरती पर अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड बना दिया। ये ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में चौथी सबसे बड़ी जीत भी है। ऑस्ट्रेलियन टीम ने 23 साल बाद 200 से ज्यादा रन और पारी के अंतर से कोई टेस्ट मैच अपने नाम किया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने साल 2002 में साउथ अफ्रीका को उसी के घर में 360 रन और पारी के अंतर से हराया था।



### टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी पारी से जीत

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पारी और 360 रन, जोहान्सबर्ग, 2002
साउथ अफ्रीका के खिलाफ पारी और 332 रन, ब्रिस्बेन, 1946
साउथ अफ्रीका के खिलाफ पारी और 259 रन, गकबेर्हा, 1950
साउथ अफ्रीका के खिलाफ पारी और 242 रन, गॉल, 2025
साउथ अफ्रीका के खिलाफ पारी और 226 रन, ब्रिस्बेन, 1947

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने पहले ही दिन से श्रीलंका के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा शानदार दोहरा शतक जड़ा। ख्वाजा ने 232 रनों की बेहतरीन पारी खेली जिसमें 16 चौके और 1 छक्का जड़ा। इसके अलावा कप्तान स्टीव स्मिथ और जोश इंगलिस ने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में शतक जड़ने का कारनामा किया। स्मिथ ने 141 और इंग्लिस 101 रनों का योगदान दिया। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 654/6 रनों के स्कोर पर घोषित की। इस विशाल स्कोर के जवाब में श्रीलंका की पहली पारी 165 रनों पर ही ढेर हो गई जिसके बाद मेजबान टीम को फॉलोआन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरी पारी में भी श्रीलंका सिर्फ 247 रन ही बना सकी और ऑस्ट्रेलिया ने पारी और 242 रनों से पहला टेस्ट अपने नाम कर लिया।

# टीम इंडिया के कोच ने कंकशन मुद्दे को लेकर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली,01 फरवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के चौथे मुकाबले के दौरान शिवम दुबे की जगह हर्षित राणा को कंकशन सब्सटीट्यूट के तौर पर शामिल किए जाने से क्रिकेट जगत में गहमागहमी का माहौल बन गया है। यह कदम तब उठाया गया जब शिवम पारी के बीच में हल्के सिरदर्द के लक्षण दिखाने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। कई क्रिकेट विशेषज्ञों और खिलाड़ियों ने इस विवाद पर अपनी राय दी है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इस पर अपनी निराशा जाहिर की और इसे लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी। इस बारे में भारत के गेंदबाज मोर्ने मोर्कल से भी पूछा गया, जिनका कहना था कि टीम केवल नाम को मैच रेफरी के पास भेज सकती है और अंतिम निर्णय उन्हीं का होता है।



### राणा ने गेंदबाजी में किया कमाल

पुणे में खेले गए चौथे टी20 मैच में यह घटना घटी, जब मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने हर्षित राणा को कंकशन सब्सटीट्यूट के तौर पर शिवम दुबे की जगह मैदान में भेजने की अनुमति दी। हर्षित राणा, जो नियमित रूप से 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी करते हैं, उनको इस अवसर पर मौके पर बुलाया गया। दिलचस्प यह है कि दुबे ने उनकी पिछली 23 टी20 पारियों में, जब भी उन्होंने गेंदबाजी की, उन्होंने केवल दो बार ही अपने चार ओवर का कोटा पूरा किया था, जिससे यह साफ था कि वह गेंदबाजी में ज्यादा योगदान नहीं दे पाए थे।

### क्या बोले टीम के गेंदबाजी कोच मोर्केल

मैच के बाद, मोर्केल ने बताया कि यह निर्णय केवल मैच रेफरी का था और टीम की भूमिका केवल नाम भेजने तक सीमित थी। उन्होंने कहा कि हम केवल नाम आगे बढ़ाते हैं, निर्णय लेना मैच रेफरी का काम होता है। हर्षित राणा ने अपनी गेंदबाजी से अच्छा प्रदर्शन किया और अपने चार ओवरों में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। इनमें इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल और जेमी ओवरटन के विकेट शामिल थे। हालांकि भारत ने रमनदीप सिंह को टीम में शामिल किया था, लेकिन अंततः हर्षित राणा को मौका दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि मैच रेफरी ने इसे मंजूरी दी और उन्हें मैदान पर भेजा गया। यह मामला क्रिकेट की नई नीतियों और नियमों पर भी सवाल उठाता है, खासकर कंकशन सब्सटीट्यूट के लागू होने के बाद।

# विराट कोहली से मिलने के लिए मैदान में एक साथ घुसे 3 फैन

**नई दिल्ली,01 फ रवरी 2025।** टीम इंडिया के स्टार प्लेयर विराट कोहली इस वक्त रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। वह दिल्ली की टीम के लिए खेल रहे हैं। विराट कोहली ने 12 साल पहले रणजी का कोई मुकाबला खेला था। तब से अब तक काफी चीजें बदल गई हैं। विराट कोहली अब एक सुपरस्टार बन गए हैं। भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी फैन फॉलोइंग काफी कमाल की है। वहीं रणजी के इस मुकाबले के लिए दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन ने फ्री एंट्री रखी है। ऐसे में हजारों फैंस सिर्फ विराट कोहली को देखने के लिए स्टेडियम पहुंच गए। दिल्ली बनाम रेलवे के बीच खेले जा रहे मैच के पहले दिन लगभग 27000 फैंस स्टेडियम के अंदर बैठे थे। वहीं हजारों फैंस बाहर थे।



खेल के पहले दिन एक फैन विराट कोहली से मिलने के लिए मैदान के अंदर आ गया। मैच के तीसरे दिन भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल, लेकिन इस बार एक साथ तीन फैन दौड़ते हुए मैदान में आ गए। तीनों ने विराट कोहली से मुलाकात की और इतनी देर में गार्ड्स इन फैंस को पकड़कर बाहर ले गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दोनों टीमों के बीच इस मुकाबले का आयोजन दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।



### युवराज,डुमिनी,तरंगा पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे

**मुंबई,01 फरवरी 2025।** क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सीजन में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 22 फरवरी से 16 मार्च तक खेला जाएगा।

# क्रिकेट पर फिर लगा फिक्सिंग का दाग

### » इस बड़ी टी 20 लीग में 10 खिलाड़ी और 4 टीमों ने की चीटिंग?

**ढाका,01 फरवरी 2025।** क्रिकेट और फिक्सिंग का बेहद पुराना नाता रहा है। कई बार खिलाड़ी और टीमों पर फिक्सिंग करने के गंभीर आरोप पहले भी लग चुके हैं। इसी बीच एक बड़ी टी20 लीग में फिक्सिंग का मामला सामने आया है। यह लीग कोई और नहीं बल्कि बांग्लादेश प्रीमियर लीग है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारूक अहमद ने मैच फिक्सिंग या स्पॉट फिक्सिंग के दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों और मैनेजिंग अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आह्वान किया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि बांग्लादेश में खेली जा रही बांग्लादेश प्रीमियर लीग के कुछ मैचों में मैच फिक्सिंग की गई थी और अज्ञात सुराग मिलने के बाद टॉप अथॉरिटी इस मामले पर कड़ी नजर रख रहा है।



### कुल इतनी टीमें और खिलाड़ी इसमें शामिल

बताया जा रहा है कि बीसीबी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने आठ ऐसे मैचों की पहचान की है, जिनमें फिक्सिंग किया गया था। वे इस समय मैच फिक्सिंग या स्पॉट फिक्सिंग के संदेह में हैं और अधिकारी वर्तमान में इस मामले से निपट रहे हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कम से कम 10 खिलाड़ी और सात में से चार टीमें वर्तमान में गलत कामों के लिए जांच के दायरे में हैं।
जांच के दायरे में आने वाले दस क्रिकेटरों में से छह ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया है। उनमें से दो घरेलू क्रिकेट खेलते हैं जबकि अन्य दो विदेशी क्रिकेटर हैं। फ्रेंचाइजी में दरबार राजशाही और ढाका कैपिटल्स के 12 ऐसे किस्से हैं जिसके कारण वह शक के दायरे में हैं, जबकि सिलहट स्ट्राइकर्स के छह और चटगांव किंग्स के दो किस्से हैं।

### क्या बोले बीसीबी अध्यक्ष?

इस बीच फारूक ने इस मामले पर ज्यादा टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी जो दूसरों के लिए एक उदाहरण बनेगी। फारूक ने शुक्रवार को क्रिकबज से कहा देखिए, जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, मैं इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं कर सकता क्योंकि एक प्रोटोकॉल है जिसका हमें पालन करना होगा। टूर्नामेंट के दौरान होने वाली पूरी सूची और घटनाओं को नोट किया जाता है और उसके बाद जांच की जाती है।

# शमी ने साहा को विदाई दी



### कहा-आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी


**नई दिल्ली,01 फ रवरी 2025।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को क्रिकेट के खेल पर अमिट छाप' छोडऩे के लिए बधाई दी है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन साहा को उनके साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शमी ने कहा, आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान, आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी विरासत पीढिय़ों को प्रेरित करती रहेगी!

# नागा चैतन्य-साई पल्लवी की थंडेल का हिंदी ट्रेलर रिलीज




नागा चैतन्य और साई पल्लवी की अपकमिंग फिल्म थंडेल का तमिल ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है जिसे एक्स पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अब मेकर्स ने इसका हिंदी ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है जिसके लिए उन्होंने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को चुना है। जी हां थंडेल का ट्रेलर मुंबई में एक ग्रैंड इवेंट में आमिर खान ने लॉन्च किया। थंडेल के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया था कि मिस्टर परफेक्शनिस्ट थंडेल का ट्रेलर लॉन्च करेंगे, इसी वादे को पूरे करते हुए मुंबई के ग्रैंड इवेंट में आमिर खान ने थंडेल का ट्रेलर लॉन्च किया.थंडेल के ट्रेलर में नागा चैतन्य और सांई पल्लवी की केमिस्ट्री शानदार लग रही है लेकिन ये सिर्फ एक नॉर्मल लव स्टोरी नहीं है दरअसल थंडेल की कहानी श्रीकाकुलम के मछुआरों के संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मछली पकडऩे के दौरान गलती से पाकिस्तान के जलक्षेत्र में चले गए। इसमें नागा के कैरेक्टर 9 महीने के लिए समुद्र के अंदर ही रहना होता है और वो सिर्फ 3 महीने के लिए बाहर आता है। इस वक्त में वह अपना ज्यादातर टाइम अपनी लवर साई पल्लवी के साथ बिताते हैं। पाकिस्तान में जाने के बाद थंडेल को कई तरह के चैलेंजेस का सामना करना पड़ता और इन्हीं सब चीजों का असर दोनों की लव स्टोरी पर पड़ता है। फिल्म की कहानी प्रेम, बदला, साहस और देशभक्ति की भावनाओं का निचोड़ है। इसी बीच भरपूर ड्रामा और एख्शन देखने लायक है। आमिर खान को थंडेल का ट्रेलर काफी पसंद आया।

# अंदाज के सिक्वल का हुआ ऐलान




साल 2003 में आई फिल्म अंदाज हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में से एक है। सुनील दर्शन इस फिल्म के निर्माता थे। उन्होंने इसके जरिए अक्षय कुमार, लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा को लॉन्च किया गया था।अब सुनील ने लगभग 22 साल बाद अंदाज के सीक्वल का ऐलान कर दिया है।खास बात यह है कि इस इस फिल्म के जरिए भी सुनील 3 नए चेहरों को बॉलीवुड के दर्शन करवाएंगे। अंदाज 2 से नताशा फर्नांडीज, आयुष कुमार और आकिशा बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।नताशा ने सुनील की फिल्म एक हसीना थी एक दीवाना था में अभिनय किया था तो वहीं आयुष अभिनेता अभिषेक बच्चन की दसवीं में काम कर चुके हैं। आकिशा की यह पहली फिल्म होने वाली है।अंदाज 2 का पहला पोस्टर सामने आ गया है,जिसमें नताशा,आयुष और आकिशा की झलक दिख रही है। फिल्म का टीजर भी रिलीज हो चुका है।बेशक अंदाज की दूसरी किस्त में सुनील तीन नए चेहरों को लॉन्च करने जा रहे हैं, लेकिन ऐसी चर्चा है कि इसमें अक्षय, प्रियंका और लारा मेहमान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अंदाज की कहानी एक पुरुष और दो महिलाओं की प्रेम कहानी पर आधारित थी। इसका निर्देशन राज कंवर ने किया था, वहीं सुनील इस फिल्म के निर्माता थे।9 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 28.81 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# शॉर्ट ड्रेस पहन शमा सिकंदर ने शेयर किया बोल्ड लुक



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखक फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर एक बार फिर से फैंस के होश उड़ गए हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने फ्लोरल प्रिंट लुक में शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देते हुए अपने आउटलुक को कंप्लीट कर रही हैं।कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।शमा सिकंदर जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्रतिक्रियाएं देते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट एंड गॉर्जियस। अन्य यूजर ने लिखा है- बेहद खूबसूरत हैं आप। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

CMYK

# सभी वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक

**रायपुर,01 फरवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी जी पूजते हैं। समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है। साय ने कहा कि जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है। आज पेश हुआ यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों



को नहीं थी,पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।

### किसानों के संबंध में प्रावधान...

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

### व्यापार उद्योग एवं रोजगार...

देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। एमएसएमई को लोन की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपए करने का निर्णय, स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देने एवं अब मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का अभियान भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा। 22 लाख श्रमिकों के लिए लेदर स्कीम, एक करोड़ वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और भारत को खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने का निर्णय देश के युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करने जा रहा है।

### स्वास्थ्य संबंधी निर्णय..

भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, साथ ही कैंसर के लिए 200 केयर यूनिट भी बनाई जाएंगी।ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

### आधारभूत संरचना एवं छत्तीसगढ़ के लिए प्रावधान..

आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा।आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 5 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत के विकसित भारत बनने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे। देश की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। देश के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान है। यह भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है। यह बजट भारत में निवेश की संभावनाओं को प्रबल करेगा और भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ की संभावनाओं को बल देगा।

### बजट में है 2047 के विकसित भारत की तस्वीर

ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ने कहा-बजट से किसानों की आमदनी बढ़ेगी।नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की बैठक लेने बिलासपुर पहुंचे



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय बजट की जमकर तारीफ की। बजट को किसान हितैषी बताते हुए ओपी चौधरी ने कहा कि इस बजट से किसानों की तस्वीर बदलेगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीएम मोदी ने जो लक्ष्य 2047 के विकसित भारत का रखा है उस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ओपी चौधरी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि आम बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सभी वर्गों का खास ध्यान रखा गया है।टैक्स की सीमा में अभूतपूर्व बदलाव ओपी चौधरी ने कहा कि टैक्स की सीमा में जो बदलाव किया गया है वो अभूतपूर्व है। इतने बड़े बदलाव की कल्पना किसी ने भी नहीं की थी। टैक्स स्लैब में बदलाव अभूतपूर्व है, ऐतिहासिक कदम है। वित्त मंत्री ने कहा कि केसीसी की सीमा 3 लाख से 5 लाख तक की कर दी गई है उसमें इंटरेस्ट फ्री केसीसी मिल पाएगा यह बहुत बड़ी राहत की बात है।

#### बस्तर और सरगुजा को मिलेगा फायदा

ओपी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना लागू होगी इसका बड़ा फायदा मिलेगा। देश के 100 जिलों किसानों को इसका सीधा फायदा मिलेगा इसमें बस्तर और सरगुजा के जिले भी शामिल हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### नितिन नवीन ने कहा...भूपेश बघेल के पास हिम्मत नहीं



**रायपुर,01 फरवरी 2025(ए)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शुक्रवार को रायपुर पहुंचे और आगामी निकाय चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा की। नितिन नबीन ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को बी-फॉर्म देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा और कहा कि भूपेश बघेल की हिम्मत नहीं है कि वे सीएम विष्णु देव साय के सामने चुनावी मैदान में उतरें। नितिन नबीन ने कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार का भी जिक्र करते हुए कहा कि अब कांग्रेस के अपने कार्यकर्ता भी सरकार के भ्रष्टाचार से परेशान हैं, जो पार्टी की स्थिति को कमजोर कर रहा है।

### सीजीपीएससी घोटाले में अब रेल कर्मचारी गिरफ्तार




**रायपुर,01 फ रवरी 2025(ए)।** रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस रिमांड में आए आरोपी टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी ने मामले के कई बड़े राज उजागर किया हैं। पुलिस ने इन सभी मामलों को जाँच में ले लिया है।पुलिस रिमांड में देवेंद्र ने बताया कि ठगी के इस गिरोह में रेलवे और पुलिस के दर्जनों कर्मचारी शामिल हैं। देवेंद्र के खुलासे के बाद पुलिस ने ठगी के सहयोगी रेलवे कर्मचारी स्वप्निल दुबे को गिरफ्तार किया है।

### अब अंबागढ़ चौकी के कांग्रेस अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी



**राजनांदगांव,01 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। इसी बीच अब अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस द्वारा टिकट काटे जाने से नाराज मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और जिला अध्यक्ष के पद से पार्टी को इस्तीफा सौंप दिया है।

### ट्रेकिंग डिवाइस से लैस दुर्लभ गिद्ध को ढूंढ रही पुलिस



**कांकेर,01 फ रवरी 2025(ए)।** भानुप्रतापपुर में दुर्लभ गिद्ध देखा गया, जिसके पीठ पर ट्रेकिंग डिवाइस लगा हुआ है. गिद्ध की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही वन विभाग के साथ पुलिस भी उसकी निगरानी में जुट गई है। दुर्लभ गिद्ध को शुक्रवार शाम भानुप्रतापपुर के आत्मानंद स्कूल की छत पर बैठे देखा गया. गिद्ध पर कुछ कौवे हमला करते हुए नजर आए।

## कस्टम मिलिंग स्कैम मामले में ईडी ने डेढ़ वर्ष बाद कोर्ट में किया चालान पेश

**रायपुर,01 फरवरी 2025(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय. ने कस्टम मिलिंग स्कैम मामले में डेढ़ वर्ष से चल रही जांच के बाद आज कोर्ट में चालान पेश कर दिया है । ईडी ने यह करीब 127 करोड़ रुपए के स्कैम का खुलासा किया था। यह रकम, कांग्रेस शासन काल में धान की मिलिंग के लिए मिलर्स को प्रोत्साहन राशि देने के बदले वसूली गई थी। यह वसूली पूर्व




एमडी मनोज सोनी एवं मिलर रोशन चन्द्राकर ने वसूला था। इनके विरूद्ध भा.द.वि. की धारा 120बी, 384 एवं 409 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018) की धारा 11, 13 (1) (क), 13(2) के अंतर्गत विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) रायपुर में 3,500 पेज का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। दोनों आरोपी अभी न्यायिक अभिरक्षा में है। मामले में अग्रिम विवेचना जारी है।

## योगेश अग्रवाल का छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा



**रायपुर,01 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एसोसिएशन को सूचित करते हुए पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की भी घोषणा की है। योगेश अग्रवाल ने अपने इस्तीफे में कहा, मैंने और पूरी टीम ने आप सबकी सेवा करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा से काम किया। लेकिन अब मैं अध्यक्ष के तौर पर काम नहीं करना चाहता। मैं अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं और पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करता हूं।उन्होंने आगे कहा कि, हमारी सरकार ने राईस मिलर्स की सभी मांगों को भी पूरा किया है। इसके लिए मैं सरकार और अधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं। जानकारी के अनुसार राईस मिलर्स एसोसिएशन में फूट और असंतोष पड़ने के बाद अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने इस्तीफा दिया।

## सीजीएमएससी घोटाले को लेकर 2 आईएएस अफसर जांच के घेरे में




**रायपुर,01 फरवरी 2025(ए)।** मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक ईओडब्ल्यू-एसीबी ने राज्य सरकार से दो आईएएस समेत सीजीएमएससी के छह अफसरों के खिलाफ जांच की अनुमति मांगी है। 400 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले की जांच कर रही ईओडब्ल्यू-एसीबी ने सीजीएमएससी के सप्लायर मोक्षित कारपोरेशन के ठिकानों पर हाल ही में छापा मारा था। इस छापे के बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी ने मोक्षित कारपोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा की गिरफ्तारी की थी। कहा जा रहा है कि छापे में ईओडब्ल्यू-एसीबी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों की पड़ताल और शशांक चोपड़ा से प्रारंभिक पूछताछ के बाद कथित तौर पर घोटाले में लिप्त अफसरों की संदिग्ध भूमिका की जांच जरूरी समझी जा रही है। यही वजह है कि ईओडब्ल्यू-एसीबी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाने के लिहाज से राज्य सरकार से अनुमति मांगी है।मंत्रालय के उच्च पदस्थ अफसरों से मिली जानकारी के मुताबिक जिन दो आईएएस अफसरों के खिलाफ जांच की अनुमति ईओडब्ल्यू-एसीबी ने चाही हैं, उनमें भीम सिंह और चंद्रकांत वर्मा के नाम शामिल हैं। पूर्ववर्ती सरकार में भीम सिंह स्वास्थ्य संचालक और चंद्रकांत वर्मा सीजीएमएससी के एमडी के रुप में कार्यरत थे। तत्कालीन पदों पर रहते हुए उनकी भूमिकाओं को जांच के दायरे में लिया जा सकता है। इसके अलावा सीजीएमएससी के जीएम टेक्निकल बसंत कौशिक, जीएम फाइनेंस मीनाक्षी गौतम, स्टोर इंचार्ज डा. अनिल परसाई, जीएम टेक्निकल इक्विपमेंट कमलकांत पाटनवार, बायमोडिकल इंजीनियर क्षिरौंद्र रावटिया तथा टेंडर एंड परचेसिंग आफिसर अभिमन्यु सिंह के खिलाफ जांच की जा सकती है. माना जा रहा है कि अफसरों से पूछताछ जांच को नई दिशा देगी।

## डेड बॉडी के साथ हुई ऐसी शर्मनाक करतूत,पुलिस भी सुनकर हुई हैरान

**भिलाई,01 फ रवरी 2025 (ए)।** मृत बॉडी के गले से सोने की चैन चोरी होने की अजीबो गरीब घटना सामने आई है। मामला भिलाई शहर के एक निजी अस्पताल का है। घटना की रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। सुपेला थाना एएसआई प्रदीप तिवारी ने बताया कि दीपक नगर दुर्ग निवासी शुभम सिंह ने अपनी बुआ की तबियत ज्यादा खराब होने पर अपने घर से रामनगर भिलाई स्थित अस्पताल 19 नवंबर की रात्रि लगभग पौने 4 बजे पहुंचे थे। पेसेंट को कैजुएल्टी वार्ड में नर्स एवं परिजनों के सहयोग से लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में परिवार को सूचना देने के बाद जब सिंह परिवार कैजुएल्टी में बॉडी के पास आया। हॉस्पिटल स्टाफ ने पूछा कि बॉडी को घर ले जाओगे या मरचुरी में रखोगे। परिजनों से सलाह मशविरा कर बॉडी को मरचुरी मे रखने का फैसला



किया गया। बॉडी से आभूषण निकाल सिंह परिवार को कान की बाली, अंगूठी,पायल,कंगन वापस दिया गया। इस दौरान शुभम ने बोला चैन कि कहा है? तब स्टाफ ने बताया कि हमें बस यही आभूषण बॉडी पर मिले हैं। आस पास खोजने के बाद स्टाफ ने जब ( ) पर हस्ताक्षर करने बोला तो सिंह परिवार ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। बाद में सोने की चैन मिसिंग लिख हस्ताक्षर किया गया है। 23 नवंबर को सिंह परिवार द्वारा हास्पीटल मैनेजमेंट से लिखित शिकायत करने के बाद भी जब चैन नहीं मिली तो सुपेला थाना में शिकायत की गई है। सिंह परिवार की शिकायत, सोने के चैन का बिल, फोटो उपलब्ध कराने के बाद मामले की प्राथमिक जांच कर आज एफआईआर दर्ज की गई है।



## मुठभेड़ में 8 माओवादी हुए ढेर

**बीजापुर,01 फरवरी 2025(ए)।** बीजापुर जिले के तोड़का इलाके में शनिवार को डीआरजी और एसटीएफ के जवानों की नक्सलियों से भीषण मुठभेड़ हुई। इस एनकाउंटर में अब तक 8 नक्सली मारे जा चुके हैं, जिनके शव जवानों ने बरामद कर लिए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, दोनों ओर से अभी भी फायरिंग जारी है। शनिवार सुबह डीआरजी और एसटीएफ के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। जैसे ही वे गंगालूर थाना क्षेत्र के तोड़का इलाके में पहुंचे, वहां घात लगाए नक्सलियों ने ऑटोमेटिक हथियारों से अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की।काफी देर तक चली मुठभेड़ के बाद नक्सली पीछे हटने लगे। इस दौरान सर्चिंग टीम ने 8 नक्सलियों के शव बरामद किए। इसके अलावा, गोली-बारूद और अन्य नक्सली सामग्री भी जब्त की गई। फायरिंग अभी भी जारी है, और अधिक विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

## अबूझमाड़ मलखंभ के होनहारों ने ढोलकल गणेश प्रतिमा के समक्ष किया हैरतअंगेज प्रदर्शन



### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी हुए मुरीद

**रायपुर,01 फ रवरी 2025(ए)।** 'इंडियाज गॉट टैलेंट' सीजन 10 के विजेता अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी के होनहारों ने 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित ढोलकल पहाड़ पर स्थित गणेश प्रतिमा के समीप हैरतअंगेज मलखंभ का प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन की उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सराहना करते हुए अपने ट्वीटर एकाउंट पर शेयर किया है। नारायणपुर स्थित अबूझमाड़ मलखंब अकादमी में प्रशिक्षक मनोज प्रसाद के साथ पारस यादव, नरेंद्र गोटा, युवराज सोम, फूलसिंह सलाम, श्यामलाल पोटाई, राजेश सलाम, राकेश कुमार बड़दा, मोनू नेताम, राजेश कोराम, शुभम पोटाई, अजमत फरीदी, समीर शोरी, सुरेश पोटाई शामिल हैं। टीम अपने प्रदर्शन पर हर बार लोगों को आश्चर्यचकित करते रहती है, लेकिन अबकी बार ढोलकल पहाड़ पर 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित जगप्रसिद्ध गणेश प्रतिमा के समक्ष अपनी कला का सिद्ध प्रदर्शन कर एक नया आयाम जोड़ दिया है। आप भी उनके प्रदर्शन को देखकर आश्चर्यचकित रह जाएंगे।

## शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचे शिक्षक



**रायपुर,01 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक अपने पद की गरिमा को भूल कर नशे की हालत में विद्या के मंदिर पहुंच रहे हैं. जहां शिक्षकों का कर्तव्य होता है कि वे स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहकर सफल इंसान बनना सिखाएं. लेकिन कुछ स्कूलों में शिक्षक ही बच्चों के भविष्य के साथ खेलने में लगे हैं. आज प्रदेश के 2 जिलों से शराबी शिक्षकों की वीडियो सामने आई है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। जगदलपुर जिले के बकावंड ब्लॉक स्थित डोडरेपाल हाई स्कूल में प्रधान अध्यापक केशव ठाकुर शराब के नशे में स्कूल पहुंचा. वह कक्षा 8वीं में गणित विषय पढ़ाता है. नशे की हालत में स्कूल पहुंचने पर छात्रों ने इस बात का पुरजोर विरोध किया. वहीं इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

वहीं जशपुर जिले में कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत भड़ंगाटोली स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में भी एक शिक्षक पर हमेशा शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचने के आरोप हैं. हाल ही में वह नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा और मदमस्त होकर स्कूल के अंदर गाना गाते नजर आया. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है1




## रायगढ़ में बर्ड फ्लू की पुष्टि

### 17000 मुर्गियों और बटेरों को मारा गया, राज्य स्तरीय रेपिड रिस्पांस टीम गठित

**रायगढ़,01 फ रवरी 2025(ए)।** रायगढ़ में जिले के एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) का पता चला है। इसके बाद करीब 17,000 मुर्गियों और बटेरों को मार दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में निगरानी बढ़ा दी है। वहीं प्रभावित पोल्ट्री फार्म को सील कर दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में बर्ड फ्लू के प्रकरण की पुष्टि होने पर इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य भर में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं।

## गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट

**बिलासपुर,01 फरवरी 2025 (ए)।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के एचओडी के निर्देश पर कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी के अन्य छात्रों के साथ मारपीट की। मिली जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय से कुछ छात्र दूसरे राज्य में खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अन्य छात्र भी जाने की मांग को लेकर कुलपति से मिलने पहुंचे। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने फंड नहीं होने की बात कहकर उन्हें जाने से मना कर दिया. इससे नाराज छात्र व्हीसी की गाड़ी के पास खड़े हो गए और विरोध करने लगे. इस दौरान फिजिकल एजुकेशन विभाग के एचओडी ने अपने विभाग के छात्रों को विरोध कर रहे छात्रों को हटाने को कहा। इसके बाद दोनों गुटों के बीच खींचतान हुई और फिर देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई. घटना में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)